mediaauditornews@gmail.com Epaperdainikmediaauditor.in वर्ष-30 अंक-60 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

सतना
02 मार्च 2026 सोमवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

रीवा, सतना एवं मनेन्द्रगढ़ से एक साथ प्रकाशित

### पीएम ने पुडुचेरी में 2700 करोड़ के प्रोजेक्ट्स शुरू किए

# कहा-कांग्रेस-डीएमके ने विकास में बाधा डाली, अब ये फिर सत्ता के लिए भूखी



**चेन्नई, एजेंसी।** पीएम नरेंद्र मोदी रविवार को पुडुचेरी पहुंचे। यहां उन्होंने 2,700 करोड़ रुपए से ज्यादा के अलग-अलग डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया और आधारशिला रखी।

इसके बाद पीएम ने सभा को संबोधित किया। मोदी ने कहा कि जब केंद्र और केंद्र शासित प्रदेश की सरकारें मिलकर काम करती हैं तो रिजल्ट जल्दी आते हैं। कांग्रेस ने पुडुचेरी को दिल्ली के एक परिवार का ATM बना रखा था। कांग्रेस और DMK विकास में बाधक हैं। अब वही ताकतें फिर से सत्ता के लिए भूखी हैं। मोदी आज तमिलनाडु में आठ नए बने रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन किया। चेन्नई बीच चेन्नई एग्मोर चौथी लाइन देश को समर्पित की। इसके बाद वह मदुरै में 4,400 करोड़ रुपए से ज्यादा के इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स का भी उद्घाटन किया।

**मोदी बोले- कांग्रेस और DMK पुडुचेरी के विकास पथ में बाधक थे**

कांग्रेस ने पुडुचेरी को दिल्ली में बैठे एक परिवार के लिए एटीएम बना दिया था। DMK की बात करें तो, तमिलनाडु में भी इसी तरह के घोटालों की लंबी सूची देखने को मिल रही है। कांग्रेस और DMK पुडुचेरी के विकास पथ में बाधक बन गए थे। अब वही ताकतें फिर से सत्ता के लिए भूखी हैं। क्या पुडुचेरी को उस दौर में वापस जाना चाहिए? मुझे यकीन है कि पुडुचेरी के लोग ऐसा नहीं चाहते।

## केजरीवाल बोले- कोर्ट का फैसला भाजपा के मुंह पर तमाचा

### हमें खत्म करने के लिए मोदी खुद इस केस की मॉनिटरिंग कर रहे थे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी(AAP) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि कथित शराब घोटाले में कोर्ट का फैसला भारतीय जनता पार्टी के मुंह पर जोरदार तमाचा है। उन्होंने दिल्ली के जंतर मंतर पर शुक्रवार को एक रैली में कहा कि आप को खत्म करने के लिए मोदी जी खुद इस केस की मॉनिटरिंग कर रहे थे। उन्होंने मोदी और शाह पर 4 साल तक परेशान करने का आरोप लगाया। शराब घोटाले के में बरी होने के बाद इस रैली का आयोजन किया गया था। उन्होंने रैली में शराब घोटाले केस में कोर्ट के फैसले की तारीफ की। उन्होंने इसे राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और देश के लोगों के पक्ष में बताया।इनकम टैक्स विभाग में नौकरी के दौरान मैंने रिश्वत लेने से मना किया और ईमानदारी से काम किया। मुख्यमंत्री बनने के बाद भी मेरे खिलाफ कई जांच कराई गई, लेकिन कुछ साबित नहीं हुआ।

## पटियाला लॉ यूनिवर्सिटी से राजीव गांधी का नाम हटेगा

### अकादमिक काउंसिल में प्रस्ताव पास, अब मैनेजमेंट बोर्ड व सरकार लेना है फैसला

**पटियाला, एजेंसी।** पटियाला की राजीव गांधी नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी का नाम बदला जा सकता है। इसमें से राजीव गांधी का नाम हटाने का प्रस्ताव किया जा रहा है। नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी की अकादमिक काउंसिल ने विश्वविद्यालय के नाम से पूर्व प्रधानमंत्री Rajiv Gandhi का नाम हटाने का प्रस्ताव पारित किया है। यह प्रस्ताव अब मैनेजमेंट बोर्ड को भेजा जाएगा। वहां से स्वीकृति मिलने के बाद अंतिम निर्णय के लिए मामला पंजाब सरकार के पास जाएगा।

विश्वविद्यालय की स्थापना वर्ष 2006 में पंजाब अधिनियम के तहत हुई थी। राज्य तब कांग्रेस की सरकार थी। तत्कालीन मुख्यमंत्री कैप्टन अमरेंदर सिंह ने विधान सभा प्रस्ताव पारित कर इसकी स्थापना की थी। अब इसका नाम बदला जाएगा।

## नागपुर में विस्फोटक बनाने वाली कंपनी में ब्लास्ट, 15 मौतें

### ● गोला-बारूद तैयार करते वक्त हुआ धमाका, मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका



**नागपुर, एजेंसी।** महाराष्ट्र में नागपुर जिले राउलगांव स्थित गोला-बारूद निर्माण कंपनी एसबीएल एनर्जी लिमिटेड में रविवार सुबह करीब 7 बजे भीषण धमाका हो गया। हादसे में 15 कर्मचारियों की मौत हो गई, जबकि 15 घायल हो गए। घायलों में से कई की हालत गंभीर है, जिससे मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है।घायलों को इलाज के लिए नागपुर ले जाया गया हादसे की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और रेस्क्यू टीमें मौके पर पहुंची। फैक्ट्री में लगी आग पर काबू पाने की कोशिश जारी है। फायर ब्रिगेड ने बताया कि ब्लास्ट से कंपनी में चारों तरफ मलबा फैल गया है। मलबे में दबे कुछ कर्मचारियों को निकाला गया है। 15 घायलों को नागपुर के अस्पताल ले जाया गया है। क्या विस्फोट डेटोनेटर तैयार करते समय हुआ था नागपुर के कलमेश्वर में स्थित एसबीएल एनर्जी लिमिटेड (पूर्व में स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड) औद्योगिक विस्फोटकों की एक प्रमुख निर्माता कंपनी है। यह कंपनी खनन परियोजनाओं के लिए विस्फोटक, डेटोनेटर जैसे विस्फोटक बनाती है।

रविवार सुबह कर्मचारियों ने काम शुरू ही किया था, तभी प्लांट में डेटोनेटर बनाने की प्रोसेस के दौरान एक तेज धमाका हो गया। विस्फोट इतना भीषण था कि उसकी आवाज दूर-दूर तक सुनाई दी। हादसे के दौरान कंपनी में 30 से ज्यादा कर्मचारी काम कर रहे थे।

## साइबर सेल की बड़ी कार्रवाई : 11 राज्यों में छापेमारी कर 27 जालसाज गिरफ्तार

**नई दिल्ली,एजेंसी।** पश्चिम जिला साइबर सेल ने डिजिटल ठगी करने वाले गिरोहों के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी देशव्यापी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने एक सप्ताह तक चले विशेष अभियान के तहत देश के 11 राज्यों में एक साथ छापेमारी की, जिसमें कुल 27 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस कार्रवाई के माध्यम से पुलिस ने करीब 10 बड़े मामलों का खुलासा किया है, जिनमें मासूम लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी की गई थी। जांच में सामने आया है कि इन मामलों में सीधे तौर पर 1.50 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी की गई है। हालांकि, जब पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के बैंक खातों और वित्तीय दस्तावेजों की गहराई से पड़ताल की, तो उसमें करीब 13.91 करोड़ रुपये के संदिग्ध लेन-देन का पता चला। पुलिस को अंदेशा है कि यह राशि देश के अलग-अलग हिस्सों में की गई अन्य साइबर ठगी से जुड़ी हो सकती है। जिला पुलिस उपायुक्त दराडे शरद भास्कर ने इस सफलता की जानकारी साझा करते हुए बताया कि साइबर सेल की टीम लंबे समय से ठगी की शिकायतों पर तकनीकी जांच कर रही थी। डेटा विश्लेषण और डिजिटल फुटप्रिंट्स के आधार पर आरोपियों की लोकेशन ट्रैक की गई। इसके बाद दिल्ली, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, बिहार और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में एक साथ दबिश देकर इन जालसाजों को दबोचा गया।

## खामेनेई की मौत के बाद कराची स्थित अमेरिकी कॉन्सुलेट पर हमला, हिंसक भीड़ ने लगाई आग ; 9 प्रदर्शनकारियों की मौत



**कराची, एजेंसी।** यूएस–इजरायल के हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई की कथित हत्या की खबर फैलने के तुरंत बाद पाकिस्तान के कराची में तनाव पैदा हो गया। अमेरिकी दूतावास के बाहर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, इसमें कम से कम 9 प्रदर्शनकारियों की मौत की खबर है। बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी कॉन्सुलेट के आसपास लाठी डंडे लेकर जमा हो गए और तोड़फोड़ शुरू कर दी। इसके बाद लोकल पुलिस को भीड़ को तितर–बितर करने के लिए आंसू गैस का इस्तेमाल करना पड़ा और चेतावनी के तौर पर गोलियां चलानी पड़ीं। **इलाके से दूर रहने की अपील** :अधिकारियों ने सुल्तानाबाद को माई कोलाची से जोड़ने वाली सड़कों को कुछ समय के लिए बंद कर दिया, जबकि जिन्ना ब्रिज से ट्रैफिक को स्थिति को संभालने और और जाम लगने से रोकने के लिए I.I. चुंदरीगर रोड से भेजा गया।

## राजस्थान- स्टूडेंट्स,कारोबारी और कथावाचक हमले के बीच दुबई-अबूधाबी में फंसे

### बोले- धमाके हो रहे हैं ; अजमेर में शोक का ऐलान, जयपुर से उड़ानें कैंसिल, एडवाइजरी जारी



**कोटा/जोधपुर/जयपुर, एजेंसी।** ईरान के यूएई और दुबई में हमला करने के कारण फ्लाइट्स कैंसिल हो गई हैं। इस कारण राजस्थान के जोधपुर, कोटा, सीकर के 100 से ज्यादा स्टूडेंट और अन्य लोग फंस गए हैं। शनिवार को अचानक एयरस्पेस बंद होने से इनकी फ्लाइट कैंसिल हो गई। इन्हें तुरंत एयरपोर्ट से सुरक्षित होटल्स भेजा गया। इस दौरान दुबई और अबू धाबी एयरपोर्ट के पास धमाके भी सुनाई दिए। सभी ने भारत सरकार से इन्हें सुरक्षित निकालने की मांग की है। वहीं, अजमेर में शिया समुदाय ने ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत पर 3 दिन के शोक का ऐलान किया है।

**कथावाचक के साथ दुबई गए 120 श्रद्धालु फंसे** : जोधपुर के 120 श्रद्धालु अबू धाबी में फंसे हैं। ये सभी लोग बड़ा रामद्वारा सूरसागर के संत अमृतराम महाराज की कथा सुनने के लिए दुबई गए थे।

## अली खामेनेई की मौत पर विरोधियों का जश्न... करज से लेकर लंदन-बर्लिन तक में झूम रहे लोग



**लंदन, एजेंसी।** तेहरान में हमले के बाद अली खामेनेई की मौत की खबर फैलते ही ईरान के कई शहरों और विदेशों में रह रहे ईरानियों ने सड़कों पर उतरकर खुशी जताई। कहीं आतिशबाजी हुई तो कहीं नारे लगे, जबकि कुछ जगहों पर युद्ध के विरोध में प्रदर्शन भी हुए। ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई की मौत की खबर सामने आने के बाद पूरे देश में हलचल मच गई. बताया जा रहा है कि तेहरान में उनके दफ्तर पर किए गए हमले में उनकी जान गई. जैसे ही यह खबर फैली, कई शहरों में लोगों की भीड़ सड़कों पर उतर आई। राजधानी तेहरान के पास करज में लोगों ने गाड़ियां निकालकर हॉर्न बजाए और खुशी मनाई. तेहरान के कई इलाकों में लोग अपने घरों की बालकनी से तेज संगीत बजाते और पटाखे छोड़ते नजर आए. फुलादशहर में बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हुए और हाथ उठाकर नारे लगाए. बोराजजान और ममासानी में लोगों ने झंडे लहराए और नाचते हुए जश्न मनाया. शिराज और आबादान में देर रात तक लोग सड़कों पर रहे। कई लोग इसे लंबे समय बाद बदलाव की शुरुआत मान रहे हैं।



हरान में शनिवार रात से ही देश के अलग-अलग हिस्सों से लोग यहां के इंकलाब स्क्वायर पहुंचने लगे थे। ज्यादातर लोग काले कपड़े पहने थे।



ईरानी हमले में तेल अवीव में कई गाड़ियां जल कर राख हो गईं। हमले के बाद जलती हुई कार को बुझाता दमकलकर्मी।



तेहरान में रविवार को कई इलाकों में लोग खामेनेई का मातम मनाते दिखे। महिलाएं रोती-बिखलती दिखीं।

*ईरान में मातम -अमेरिका में जश्नः अमेरिका-इजराइल ने ईरान पर 24 घंटे में 1200 बम गिराए*

# सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत, बेटी-दामाद, बहू-पोती भी मारी गई; ईरान बोला- खतरनाक बदला लेंगे



**तेल अवीव/तेहरान, एजेंसी।** इजराइल की वायु सेना का कहना है कि उसने अमेरिका के साथ संयुक्त हमले में पिछले एक दिन में ईरान पर 1,200 से ज्यादा बम गिराए हैं। इन हमलों में सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई है। उनके ऑफिस कॉम्प्लेक्स पर शनिवार को 30 मिसाइलों से हमला हुआ था। हमले में उनकी बेटी-दामाद, बहू और पोती समेत कॉम्प्लेक्स में मौजूद 40 कमांडर्स भी मारे गए हैं। हमले के समय खामनेई कमांडर्स के साथ मीटिंग कर रहे थे।

इजराइल के प्रधानमंती नेतन्याहू ने शनिवार देर रात खामनेई के मारे जाने की बात कही थी। इसके कुछ देर बाद अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प ने भी उनके मारे जाने का दावा किया था। रविवार सुबह ईरान की सरकारी मीडिया एजेंसी 'तसनीम' और 'फार्स' ने इसकी पुष्टि की।

खामनेई के मारे जाने पर ईरान में 40 दिन का राजकीय शोक और सात दिन की छुट्टी घोषित कर दी गई है। ईरानी इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) ने कहा, 'हमने एक महान नेता खो दिया है और पूरा देश शोक मना रहा है।' इधर ईरानी सेना ने कहा कि वह सबसे खतरनाक अभियान की शुरुआत करने जा रही है। हमला कुछ देर में शुरू होगा और अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाया जाएगा।



**ईरान में 200 की मौत, 740 घायल** : इजराइल और अमेरिका ने ईरान की राजधानी तेहरान समेत 10 बड़े शहरों को निशाना बनाया। हमलों से अब तक 200 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 740 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। एक स्कूल पर मिसाइल गिरने से 148 छात्राओं की मौत हो गई और 45 घायल हैं। ईरान ने भी देशों पर जवाबी हमले किए थे।

### ईरानी नेता बोले- इजराइल हमारा देश तोड़ना चाहता है

ईरान के सुरक्षा प्रमुख अली लारिजानी ने कहा कि इजराइल अमेरिका के साथ मिलकर ईरान को टुकड़ों में बांटना चाहता है। लारिजानी ने कहा कि इजराइल बड़े देशों को तोड़कर ही अपनी सुरक्षा तय करता है। उन्होंने ट्रम्प को लूट का सिंबल बताया और कहा कि अमेरिका ईरान के रिसोर्स हथियाना चाहता है। लारिजानी ने चेतावनी दी कि जैसे इजराइल और अमेरिका ने हमारे लोगों के आंसू बहाएं हैं, वैसे ही हम उनके आंसू बहाएंगे।

### ईरान में खामेनेई को श्रद्धांजलि देने जमा हुई भीड़

ईरान के इस्फाहान में हजारों लोगों की भीड़ ईरानी सुप्रीम लीडर अली खामेनेई को श्रद्धांजलि देने जमा हुई। इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने खामेनेई की मौत पर खुशी जताई और नेतन्याहू और सेना को बधाई दी।



# इसी महीने दौड़ेगी देश की दूसरी वंदे भारत स्लीपर ट्रेन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश की दूसरी वंदे भारत स्लीपर मार्च में पटरियों पर होगी। इसका रूट अभी तय नहीं हुआ है, लेकिन जानकारों का कहना है कि यह ट्रेन दिल्ली-हावड़ा, दिल्ली-मुंबई, चेन्नई-बेंगलुरु-मुंबई में से किसी एक रूट पर चलाई जा सकती है। रेलवे बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2026 में कुल 12 वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों को चलाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रत्येक ट्रेन पहले की ट्रेन से तकनीक व सुविधाओं के मामले में उन्नत होगी। वंदे भारत स्लीपर को भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (बीईएमएल) ने इस तरह डिजाइन किया है कि रेल यात्रियों को सफर के दौरान विमान-पांच सितारा होटल जैसा अनुभव होगा। ट्रेन के कोच के गलियारों में स्मार्ट सेंसर लाइट्स लगी हैं, जो केवल यात्री के चलने पर जलेंगी। पहली बार ट्रेन में बोल्स्टरलेस बोगियों (कोच) का इस्तेमाल हुआ है, जो 160 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार पर भी चाय का कप टेबल से नहीं गिरने देंगी। हवाई जहाज की तर्ज पर इसमें बायो-वैक्यूम टॉयलेट्स और टच-फ्री नल दिए गए हैं। नई डिजाइन की उन्नत वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में स्मार्ट सेंसर लाइट्स, वैक्यूम टॉयलेट्स, बोल्स्टरलेस कोच और ब्रांडेड कैटरिंग की खूबियां होंगी।



**वंदे भारत स्लीपर में भी वीआईपी कोटा:** आपको बता दें कि रेलवे बोर्ड ने हाल ही में अमृत भारत और वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों के नियमों में एक बड़ा बदलाव किया है। नौ फरवरी को जारी नए आदेश में उक्त प्रीमियम ट्रेनों में भी इमरजेंसी कोटा (वाईआईपी कोटा) की सुविधा बहाल कर दी गई है। रेलवे बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शुरुआत में (जनवरी 2026 के नियमों के अनुसार) इन ट्रेनों में केवल लेडीज, सीनियर सिटीजन और दिव्यांग कोटा ही रखा गया था ताकि टिकट प्रणाली पारदर्शी रहे। लेकिन, यात्रियों की भारी मांग और आपातकालीन जरूरतों (जैसे मेडिकल इमरजेंसी या सरकारी ड्यूटी) को देखते हुए अब इसे लागू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अलग-अलग ट्रेनों और श्रेणियों के लिए बर्थ की संख्या तय की गई है। अमृत भारत एक्सप्रेस में यह कोटा उन ट्रेनों में लागू होगा जिनमें सात या उससे अधिक स्लीपर कोच हैं। इनमें स्लीपर क्लास में प्रति ट्रेन 24 बर्थ इमरजेंसी कोटा के लिए आरक्षित की गई हैं। वहीं, वंदे भारत स्लीपर में कोच की श्रेणी के आधार पर बर्थ के आवंटन की व्यवस्था है। इसमें सामान्य दिनों और सप्ताहांत के आधार पर कोटे की बर्थ का प्रावधान है। वंदे भारत स्लीपर में एसी-1 में 4 से 6 बर्थ, एसी-2 में 20 से 30 बर्थ, एसी-3 में 24 से 42 बर्थ आरक्षित होंगी। ये सीटें तब तक खाली रहती हैं जब तक चार्ट तैयार नहीं हो जाता। यदि कोई इमरजेंसी रिक्वेस्ट नहीं आती, तो ये सीटें वेटिंग लिस्ट वाले सामान्य यात्रियों को आवंटित कर दी जाती हैं। इस कोटे की बर्थ को मेडिकल इमरजेंसी (गंभीर बीमारी या अस्पताल जाने के लिए यात्रा), पारिवारिक कारण (परिवार में किसी की मृत्यु या अन्य कोई आकस्मिक घटना), सरकारी ड्यूटी (सांसद, मंत्री, हाईकोर्ट-सुप्रीम कोर्ट के जज और ड्यूटी पर तैनात सरकारी अधिकारी) और अन्य नौकरी के इंटरव्यू या बहुत ही महत्वपूर्ण आधिकारिक कार्य के तहत दी जाती हैं।

## हिमाचल में कैसा रहेगा आज का मौसम तापमान बढ़ने की उम्मीद

### पहाड़ों पर भी महसूस होगी गर्मी

**शिमला, एजेंसी।** मौसम विज्ञान केंद्र, शिमला ने सात मार्च तक आसमान साफ रहने की संभावना जताई है। इससे तापमान में वृद्धि की संभावना है। हिमाचल प्रदेश में शनिवार को तेज धूप के कारण तापमान में वृद्धि दर्ज की गई। तापमान बढ़ने से मैदानों के साथ पहाड़ों में भी गर्मी महसूस की जाने लगी है। नाहन में वर्ष 2024 के बाद शनिवार को फरवरी का सबसे गर्म दिन रहा। नाहन में दिन के तापमान में 2.4 डिग्री की वृद्धि के साथ तापमान 26.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 2025 में 24.8 व 2024 में 22.8 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा था। दिन का तापमान सामान्य से 4.1 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। कांगड़ा में सामान्य से 7.2 डिग्री सेल्सियस अधिक तापमान दर्ज किया गया। फरवरी में सामान्य से 85 से 90 प्रतिशत कम वर्षा होने के कारण कृषि और बागवानी पर असर हुआ है। प्रदेश में सबसे अधिक तापमान ऊना में 30.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। सेऊबाग में 50 किलोमीटर प्रतिघंटा की गति से तेज हवाएं चलीं। इन दिनों न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन से पांच डिग्री सेल्सियस तक अधिक दर्ज किया जा रहा है। प्रदेश में सबसे कम तापमान ताबो में माइनस 2.7, कुकुमसेरी में माइनस 1.9 डिग्री सेल्सियस रहा।

## यूपी में चढ़ने लगा पारा, लखनऊ-बनारस में होली तक चलेंगी आंधी जैसी तेज हवाएं!

**लखनऊ, एजेंसी।** प्रदेश के कई जिलों में अभी से ही तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया है। रात सर्द हैं, लेकिन दिन में तेज धूप खिल रही है। मार्च की शुरुआत से होली के दिन तक दिन के समय 20-30 किमी/घंटा की गति से पृथ्वी की सतह पर तेज उत्तरी-पश्चिमी हवाएं चलने की संभावना हैं। हालांकि, इनसे दिन के अधिकतम तापमान पर कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ेगा। आगामी एक सप्ताह के दौरान प्रदेश में कोई सक्रिय मौसम तंत्र नहीं होने के कारण इस सप्ताह के अंत तक अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान में 2-3 सेल्सियस की क्रमिक बढ़ोतरी होने की संभावना है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के लखनऊ स्थित आंचलिक कार्यालय के वरिष्ठ विज्ञानी डॉक्टर अतुल कुमार सिंह ने बताया इसके चलते तापमान सामान्य से अधिक बना रहेगा। इस पछुआ हवा की तेज गति का प्रभाव ज्यादातर पश्चिमी हिस्से में ही रह सकता है। बात आज के मौसम की करें तो 1 मार्च को लखनऊ, कानपुर, बरेली, गोरखपुर, अयोध्या, प्रयागराज, आगरा, हाथरस, मुरादाबाद, सहारनपुर, मेरठ, शामली, बागपत, बनारस और पूर्वी उत्तर प्रदेश में दो दिनों तक सोमवार और मंगलवार को हवा तेज रह सकती है। बुधवार से इसकी गति कम होना शुरू हो जाएगी और चौथे दिन मंद हो जाएगी। इस दौरान अधिकतम तापमान पर इस हवा की गति का कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ेगा। यूपी के अधिकांश जिलों में रविवार को आसमान साफ रहने की संभावना है।

## उपभोक्ताओं का 50 हजार करोड़ रुपये बकाया, दरें घटाएं; बिजली नियामक आयोग की सुनवाई में होगा स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का विरोध

**लखनऊ, एजेंसी।** विद्युत नियामक आयोग बिजली कंपनियों की वार्षिक राजस्व आवश्यकता (एआरआर) व बिजली दरों पर सुनवाई के क्रम में नौ मार्च से विद्युत वितरण कंपनियों की सुनवाई शुरू करेगा। इस सुनवाई में उपभोक्ताओं की तरफ से स्मार्ट प्रीपेड मीटर का मुद्दा जोरशोर से उठाने की तैयारी राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने की है। उपभोक्ताओं की सहमति के बिना मीटर को प्रीपेड मोड पर किए जाने का विरोध होगा। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा है कि बिजली उपभोक्ताओं का लगभग 50 हजार करोड़ रुपये बिजली कंपनियों पर निकल रहा है। ऐसे में बिजली दरें कम किए जाने की मांग सुनवाई में की जाएगी। टेंडर के माध्यम से 27,342 करोड़ रुपये की लागत से खरीदे जा रहे स्मार्ट प्री पेड मीटर का भार उपभोक्ताओं पर डालने का पुरजोर विरोध होगा। उपभोक्ताओं की सहमति के बिना स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जा रहे हैं, जो कि विद्युत अधिनियम-2003 की धाराओं का उल्लंघन है।



## गाजियाबाद में फिर गरजा बुलडोजर, अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त; जीडीए की कार्रवाई से मचा हड़कंप



**गाजियाबाद, एजेंसी।** गाजियाबाद में प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम की ओर से अवैध निर्माण और विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध अभियान जारी है। इसी क्रम में उपाध्यक्ष के निर्देशों के अनुपालन में शुक्रवार, 28 फरवरी 2026 को डासना क्षेत्र में ध्वस्तीकरण एवं सीलिंग की कार्रवाई की गई। प्रभारी प्रवर्तन जोन तीन के नेतृत्व में खसरा संख्या 1380 ग्राम कल्लू गढ़ी, खसरा संख्या 1410 ग्राम डासना तथा खसरा संख्या 1348 एवं 1386 ग्राम कल्लू गढ़ी में अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनियों को ध्वस्त किया गया। इन्हें सतीश, यासीन, रविन्द्र चौधरी, रोहित चौधरी और ओमवीर चौधरी द्वारा विकसित किया जा रहा था। वहीं, ध्वस्तीकरण एवं सील बंदी की कार्रवाई के दौरान स्थानीय निर्माणकर्ताओं द्वारा विरोध किया गया। प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम के साथ पुलिस बल ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को पूरा किया। इस मौके पर जीडीए के सहायक अभियंता, अवर अभियंता और सुपरवाइजर उपस्थित रहे। जीडीए उपाध्यक्ष नन्द किशोर कलाल ने बताया कि अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। बिना स्वीकृति किए गए किसी भी निर्माण पर ध्वस्तीकरण कार्रवाई जारी रहेगी।

## महिला से रेप करके चौथी मंजिल से फेंका, मौत

### आरोपी गिरफ्तार, विक्टिम से शादी का झांसा देकर रेप करने वाला भी पकड़ा गया

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** ओडिशा में 23 साल की युवती के साथ रेप करके उसे चौथी मंजिल से फेंक कर मारने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा पुलिस ने इसी युवती को शादी का झांसा देकर रेप करने वाले आरोपी को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया हैं। दोनों घटनाएं 22 फरवरी की हैं, 23 फरवरी को युवती का शव मिला था। शनिवार को पुलिस ने दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। पहली घटना- प्रेमी ने शादी के लिए मंदिर बुलाया, रेप किया जगतसिंहपुर के पुलिस अधीक्षक (स्क्) अंकित कुमार वर्मा ने बताया कि 22 फरवरी से युवती सुबह 10 बजे घर से लापता थी। वह अपने प्रेमी के साथ भागकर शादी करने के लिए घर से निकली थी। उसके प्रेमी सोमनाथ ओझा ने शादी का झूठा वादा करके उसे मंदिर बुलाया, लेकिन बाद में एक सुनसान जगह ले जाकर उसके साथ रेप किया। इसके बाद उसने युवती को राहामा बस स्टैंड पर लावारिस छोड़ दिया। दूसरी घटना- अनजान शख्स ने मदद के नाम पर रूम ले जाकर रेप किया।

## नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास बनेगा एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस हब, सिंगापुर की कंपनी ने दिखाई रुचि




**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के नजदीक एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस का केंद्र बनेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सिंगापुर दौरे के दौरान जेवर में एयर क्राफ्ट मेंटेनेंस सुविधा विकसित करने के लिए एसआइए इंजीनियरिंग कंपनी ने रुचि दिखाई है।

प्रदेश सरकार की योजना जेवर में एयरक्राफ्ट की मेंटेनेंस, रिपेयर एवं ओवर हालिंग (एमआरओ) के अलावा एविएशन उद्योग स्थापित करने की है। ताकि बोइंग और एयरबस आदि व उनके पुर्जों का निर्माण भी यहां हो सकेगा।

सिंगापुर और जापान दौरे के दौरान यीडा क्षेत्र में निवेश को लेकर सबसे अधिक आकर्षण रहा है। यीडा क्षेत्र में एयरकार्गो से लेकर एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस, लाजिस्टिक, टाउनशिप आदि को लेकर सिंगापुर की कंपनियों के साथ एमओयू हुए हैं। जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के नजदीक 1365 हे. जमीन एमआरओ की सुविधा विकसित करने के लिए अधिगृहीत की गई है। मुख्यमंत्री के साथ सिंगापुर व जापान दौरे पर गए यीडा सीईओ आरके सिंह ने बताया कि सिंगापुर की एसआइए इंजीनियरिंग कंपनी ने एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस सुविधा विकसित करने का प्रस्ताव दिया है।

इससे यहां रोजगार व निवेश दोनों होगा। एआइ सैट्स ने कार्गो हब के लिए एमओयू किया है। इसके अतिरिक्त सिंगापुर मैनेजमेंट यूनिवर्सिटी व ग्रुप हाउसिंग के लेकर भी अनुबंध हुए हैं।

मैपल ट्री लाजिस्टिक ने यीडा क्षेत्र में लाजिस्टिक सेक्टर में निवेश के लिए एमओयू किया है। जापान में भी यीडा क्षेत्र में जापानी सिटी के विकास के लिए एमओयू हुए हैं। जापानी एक्सटर्नल ट्रेड आर्गेनाइजेशन के जरिये जापानी सिटी में एमएसएमई उद्योग को विकसित किया जाएगा। यीडा क्षेत्र में निवेश को लेकर जापानी कंपनियों का रुख सकारात्मक है। दौरे के दौरान कुबोटा, होंडा, मिंडा स्पार्क, डेंसो, देबू, सुजुकी मोर्टस के प्रतिनिधियों के साथ ही निवेश को लेकर बैठक हुई हैं। कंपनियों के प्रतिनिधि यीडा क्षेत्र में निवेश के लिए दौरा करेंगे।

## नोट लगी कागज की गड्डी थमा बुजुर्ग महिला से गहने उतरवा ले गए टप्पेबाज, जांच में जुटी पुलिस



**नोएडा, एजेंसी।** नोएडा में फेज वन थाना क्षेत्र के सेक्टर नौ स्थित सब्जी मंडी में खरीदारी कर रही बुजुर्ग महिला को मदद के बहाने दो टप्पेबाजों ने झांसे में लिया। टप्पेबाज पांच सौ के नोट लगी कागज की गड्डी थमाकर महिला से गहने उतरवा ले गए। महिला के चेहरे पर कुछ छिड़ककर बेहोशी की हालत में वारदात को अंजाम दिया। पीड़िता ने फेज वन थाने में शुक्रवार को मुकदमा दर्ज कराया।

पुलिस मामले में जांच कर रही है। नोएडा सेक्टर-19 की रहने वालीं मिथिलेश देवी मंगलवार शाम करीब साढ़े पांच बजे सेक्टर नौ के पीछे सब्जी मंडी में खरीदारी करने गई थीं। सब्जियां खरीदने के बाद वह पनीर की दुकान पर पहुंचीं। वहां से पनीर और खोया खरीदकर वापस आलू वाले की रेहड़ी की ओर जा जा रही थीं।

हरी चेक की शर्ट और नीली पैंट पहने एक व्यक्ति मिला। उसने मदद के नाम पर नोटों की गड्डी थमाकर ऑनलाइन रकम ट्रांसफर करने का आग्रह किया। मना करने पर व्यक्ति ने महिला के चेहरे पर कुछ छिड़क दिया।

इससे महिला बेहोशी की हालत में जाने लगी। आरोपी महिला को रेहड़ी से कुछ दूर ले गया। जैसे-जैसे व्यक्ति कहते गया। वैसे-वैसे महिला करती गई। आरोपी ने महिला के हाथ से सोने की अंगूठी, कान के टाप्स और गले की सोने की चेन, ओम पेंडेंट आदि उतरवा लिए। आरोपी महिला को अधखुले पैकेट में रखी नोट की गड्डी थमाकर चला गया।

वहीं, करीब आधे घंटे बाद महिला बेहोशी की हालत से बाहर आई। घर पहुंचकर आपबीती बेटे और बहू को सुनाई। जब उनकी बहू ने गड्डी वाला पैकेट खोला तो उसमें सिर्फ एक 500 और 10 रुपये का नोट लगा मिला, जबकि गड्डी में शेष नोट के आकार के खाली कागज थे। इससे महिला को अपने साथ धोखाधड़ी होने का पता चला। महिला ने बेटे की मदद से डायल 112 और थाना पुलिस से शिकायत की। एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच कराई जा रही है।

## चीन हथियार दे तो भी नहीं टिक पाएगा ईरान एक्सपर्ट्स ने बताया युद्ध लंबा चला तो क्या होगा

**तेहरान, एजेंसी।** रक्षा विशेषज्ञ लेफ्टिनेंट जनरल राजेन्द्र सिंह (सेवानिवृत्त) बताते हैं कि ईरान पर हमले के पीछे अमेरिका के तीन लक्ष्य हैं। एक ईरान में सत्ता परिवर्तन, दूसरा उसके मिसाइल कार्यक्रम को ध्वस्त करना और तीसरा परमाणु कार्यक्रम पर आगे नहीं बढ़ने देना। ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमलों के बाद जवाबी कार्रवाई से उत्पन्न हालात के बाद मध्य-पूर्व देशों में युद्ध के हालात बन चुके हैं। हालांकि रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि जिस प्रकार से ईरान ने अमेरिकी बेसों पर जवाबी हमले किए हैं, उसके चलते अमेरिका इस संघर्ष को बहुत लंबे समय तक जारी नहीं रखना चाहेगा।



**अमेरिका के हैं तीन लक्ष्य :** रक्षा विशेषज्ञ लेफ्टिनेंट जनरल राजेन्द्र सिंह (सेवानिवृत्त) बताते हैं कि ईरान पर हमले के पीछे अमेरिका के तीन लक्ष्य हैं। एक ईरान में सत्ता परिवर्तन, दूसरा उसके मिसाइल कार्यक्रम को ध्वस्त करना और तीसरा परमाणु कार्यक्रम पर आगे नहीं बढ़ने देना। अमेरिका चाहता है कि ईरान को इतना कमजोर कर दिया जाए कि भविष्य में उससे किसी प्रकार का खतरा नहीं हो। दूसरी तरफ ईरान के हमले जवाबी हैं। यदि अमेरिकी हमले बंद हो जाएंगे तो वह भी बंद कर देगा। हालांकि, उसके पास इतनी ताकत नहीं है कि वह बहुत लंबे समय तक अमेरिका और इजरायल जैसे देशों का मुकाबला कर सके। उसके पास अच्छी मिसाइलें हैं, लेकिन उनके सहारे वह लंबा युद्ध नहीं लड़ सकता। इसलिए उसे अमेरिका के साथ बातचीत की टेबल पर आना ही पड़ेगा। सिंह ने कहा कि ईरान ने पिछली बार भी अमेरिकी हमलों का भरपूर जवाब दिया था और इस बार भी दे रहा है। लेकिन वह लगातार कमजोर भी हो रहा है। उसकी अर्थव्यवस्था कमजोर पड़ी हुई है। रूस और चीन उसके समर्थन में दिखते हैं, लेकिन रूस मौजूदा समय में उसे हथियारों की मदद देने में सक्षम नहीं है। अलबत्ता चीन हथियारों से मदद कर सकता है, लेकिन यह अमेरिका-इजरायल से लड़ने के लिए काफी नहीं होगा। पूर्व एयर वाइस मार्शल ओपी तिवारी का कहना है कि ईरान के पास एयरफोर्स की ताकत कम है। इसलिए संघर्ष को लंबे समय तक जारी रखना उसके लिए आसान नहीं होगा। उसके समर्थन में हिजबुल्ला और कुछ शिया संगठन सामने आए हैं लेकिन ये संगठन अब पहले की भांति ताकतवर नहीं रहे हैं। युद्ध में ईरान की तबाही तय है।

**युद्ध से तेल की कीमतों पर पड़ेगा असर :** विशेषज्ञों का कहना है कि इस युद्ध से तेल की कीमतें बढ़नी शुरू हो गई हैं। इससे दुनियाभर की अर्थव्यवस्था प्रभावित हो सकती है। मध्य-पूर्व के इन तमाम देशों से भारत भी तेल खरीदता है। तेल की कीमतों के साथ-साथ आपूर्ति में भी बाधा आ सकती है। हालांकि इसमें अमेरिका का फायदा है। उसके पास अभी वेनेजुएला का भी तेल है। इसलिए बढ़ी हुई कीमतों से अमेरिका को फायदा होगा। जबकि भारत के पास रूस से तेल खरीदने का विकल्प है जिसे वह आगे भी इस्तेमाल कर सकता है।

**भारतीय नागरिकों की सुरक्षा चुनौती :** लेफ्टिनेंट जनरल राजेन्द्र सिंह (सेवानिवृत्त) के अनुसार ईरान, इजरायल से लेकर कतर, सऊदी, बहरीन, यूएई में लाखों की तादाद में भारतीय नागरिक रह रहे हैं।

## ईरान के नए सुप्रीम लीडर का ऐलान, हमले में यूएई में एक शख्स की मौत

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई की मौत के बाद ईरान में लोग सड़कों पर उतर आए हैं। ईरान ने अपना नया कमांडर इन चीफ नियुक्त किया है। ईरान ने खामेनेई की मौत के बगाद 40 दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित किया है। वहीं इजरायल और अमेरिका के इस हमले की निंदा संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने भी की है। वहीं ईरान ने नए सुप्रीम लीडर का भी ऐलान किया है। हमलों के बाद भड़के हुए ईरान ने भी पड़ोसी देशों में स्थित अमेरिकी एयरबेसों को निशाना बनाया। ये हमले ऐसे समय में हुए जब हाल के हफ्तों में तनाव काफी बढ़ गया है। अमेरिकी युद्धपोत क्षेत्र में तैनात किए जा चुके थे और ट्रंप ने कहा था कि वह ईरान के परमाणु कार्यक्रम को सीमित करने के लिए एक समझौता चाहते थे। यह उस समय हो रहा है जब देश के भीतर भी हालात चुनौतीपूर्ण हैं और राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शनों के बाद सरकार के खिलाफ असंतोष बढ़ रहा है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंतोनियो गुतारेस ने ईरान पर अमेरिका-इजराइल के हवाई हमलों की शनिवार को निंदा की और क्षेत्र और पूरी दुनिया को संकट से निकालने के लिए तत्काल फिर से बातचीत शुरू करने का आह्वान किया।



संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने आपातकालीन बैठक में कहा कि स्थिति को और बिगड़ने से रोकने के लिए हर संभव प्रयास किया जाना चाहिए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, वरना व्यापक संघर्ष होने की आशंका है जिसके नागरिकों और क्षेत्रीय स्थिरता के लिहाज से गंभीर परिणाम हो सकते हैं। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने इजराइल और अमेरिका के हमले के जवाब में शनिवार को दागे गए कई ईरानी मिसाइलों को रोका।

## मौत के बाद खामनेई के अकाउंट से शेयर की गई कुरान की कौन सी आयत

**तेहरान, एजेंसी।** खामेनेई के एक्स अकाउंट से लिखा गया है, 'मोमिनों में कुछ ऐसे लोग हैं, जिन्होंने अल्लाह से जो वादा किया था उसे सच्चाई के साथ पूरा कर दिखाया। उनमें से कुछ ने अपना वादा निभाकर (शहादत पाकर) अपना समय पूरा कर लिया और कुछ अब भी प्रतीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने अपने संकल्प में कोई बदलाव नहीं किया।' ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई मारे गए हैं। अमेरिका और इजरायल के हमले में उनकी मौत हुई है और अब उनके उत्तराधिकारी को लेकर चर्चाएं तेज हैं। खामेनेई के मारे जाने की पुष्टि ईरान की मीडिया ने भी कर दी है। इस बीच उनके मारे जाने की जानकारी संकेतों में ही अयातुल्लाह अली खामेनेई के ही सोशल मीडिया अकाउंट से दी गई है।



खामनेई के एक्स अकाउंट से कुरान की एक आयत शेयर की गई है और उन्हें शहीद करार दिया गया है। कुरान की आयत शेयर करते हुए लिखा गया है, मोमिनों में कुछ ऐसे लोग हैं, जिन्होंने अल्लाह से जो वादा किया था उसे सच्चाई के साथ पूरा कर दिखाया। उनमें से कुछ ने अपना वादा निभाकर (शहादत पाकर) अपना समय पूरा कर लिया और कुछ अब भी प्रतीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने अपने संकल्प में कोई बदलाव नहीं किया। यह आयत कुरान के (सूरह अल-अहज़ाब 33÷23) की है। इस तरह खामेनेई के अकाउंट से ही उनकी मौत की पुष्टि कर दी गई है। इसके साथ ही उन्हें अल्लाह की राह में शहीद बताया गया है। अमेरिका और इजरायल को भी इसी आयत के बहाने चुनौती दी गई है। इसमें कहा कहा है कि अब भी कुछ लोग प्रतीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने अपने संकल्प में बदलाव नहीं किया है। इस तरह अमेरिका और इजरायल को यह संदेश देने की कोशिश की गई है कि अब भी ईरान पहले की तरह अड़ा और डटा है। उसके रवैये में कोई बदलाव नहीं आएगा। इस तरह ईरान में सत्ता परिवर्तन की चाह रखने वाले अमेरिका को आने वाले समय में चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। उसके लिए यह अभियान आसान नहीं रहेगा। इस बीच खबरें यह भी हैं कि अयातुल्लाह खामेनेई के बेटे मुजतबा खामेनेई को ईरान की कमान सौंपी जा सकती है। यदि ऐसा हुआ तो अमेरिका के लिए यह झटका होगा, जो यह सोच रहा है कि खामेनेई के मारे जाने के बाद वह अपने समर्थन वाले किसी नेता को सत्ता सौंप देगा। इस रेस में रजा पहलवी का नाम अब तक सबसे आगे लिया जाता रहा है। वह अमेरिका में ही हैं और इस्लामिक क्रांति से पहले शासक रहे शाह मोहम्मद रजा पहलवी के बेटे हैं। वह दशकों से अमेरिका में ही बसे हैं।

**मिडल ईस्ट में अकेला अमेरिका से लड़ता रहा है ईरान :** बता दें कि ईरान लंबे समय से अमेरिका से अदावत ठाने रहा है। यही नहीं मिडल ईस्ट में वह अकेला ऐसा मुल्क रहा है, जिसने इजरायल और अमेरिका को एक साथ चुनौती दी है। अब ईरान के सुप्रीम लीडर के मारे जाने के बाद दुनिया की नजर इस पर है कि किसे कमान मिलेगी और वह अमेरिका के प्रति क्या रुख रखेगा।

# विकासखण्ड सीधी में सीएमसीएलडीपी छात्रों का थाना एवं चिकित्सालय अध्ययन भ्रमण संपन्न

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व विकास पाठ्यक्रम (सीएमसीएलडीपी) के बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू विद्यार्थियों का विकासखण्ड सीधी अंतर्गत थाना एवं चिकित्सालय अध्ययन भ्रमण संपन्न हुआ जिला समन्वयक मुकेश गौर के निर्देशन में विद्यार्थियों को पुलिस थाना जमोड़ी तथा जिला चिकित्सालय सीधी का भ्रमण कराया गया पुलिस थाना जमोड़ी में थाना प्रभारी दिव्य प्रकाश त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को पुलिस की जिम्मेदारियों, कानून-व्यवस्था बनाए रखने की प्रक्रिया एवं साइबर ठगी जैसी घटनाओं से बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी उन्होंने विद्यार्थियों को जागरूक






नागरिक की भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करते हुए सामाजिक सहभागिता के महत्व पर बल दिया। थाना प्रभारी त्रिपाठी ने शासन द्वारा संचालित राह-वीर योजना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु दर कम करने तथा गोल्डन ऑवर के भीतर घायलों को उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह योजना 21 अप्रैल 2025 से प्रदेशभर में लागू की गई है योजना के अंतर्गत घायल व्यक्ति को तत्परता से अस्पताल या ट्रॉमा सेंटर पहुंचाने वाले नागरिक को 'राह-वीर' की उपाधि, 25 हजार रुपये की नगद प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाता है उन्होंने गोल्डन ऑवर के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि दुर्घटना के एक घंटे के भीतर उपचार मिलने से गंभीर घायलों की जान बचाई जा सकती है। इसके पश्चात विद्यार्थियों को जिला चिकित्सालय सीधी का भ्रमण कराया गया जहां उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं की कार्यप्रणाली, आपातकालीन सेवाएं मरीजों को दी जाने वाली सुविधाएं तथा स्वास्थ्य जागरूकता संबंधी पहलुओं की जानकारी प्रदान की गई।

## पर्यावरण संरक्षण के साथ मनायें स्वच्छ और स्वस्थ होली - कलेक्टर

**मीडिया ऑडीटर, मऊगंज (निप्र)।** जिले में इस वर्ष होली का पर्व पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता के संदेश के साथ मनाया जाएगा कलेक्टर संजय कुमार जैन द्वारा जारी आदेश के अनुसार 'स्वच्छ और स्वस्थ होली' अभियान के अंतर्गत होलिका दहन में पारंपरिक लकड़ी के स्थान पर 'गौकाष्ठ' (गाय के गोबर से निर्मित लकड़ी) एवं उपलों के उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, पेड़ों की कटाई पर रोक तथा स्वच्छता को बढ़ावा देना है प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे होलिका दहन के दौरान लकड़ी का उपयोग न करते हुए गौकाष्ठ और कंडों का प्रयोग करें साथ ही प्राकृतिक एवं हर्बल रंगों के उपयोग तथा पशु-पक्षियों पर रंग न डालने का संकल्प लेने के लिए भी प्रेरित किया गया है कलेक्टर ने जिले की सभी नगर परिषदों एवं जनपद पंचायतों को निर्देशित किया है कि सार्वजनिक होलिका दहन कार्यक्रमों का निःशुल्क पंजीयन जिला मुख्यालय, तहसील एवं नगरीय निकायों में सुनिश्चित किया जाए होलिका दहन के दिन मैदानी अमला आयोजन स्थलों का भ्रमण कर यह सुनिश्चित करेगा कि जलाऊ या इमारती लकड़ी के स्थान पर गौकाष्ठ का ही उपयोग हो संबंधित अधिकारियों द्वारा इसका प्रमाणन भी किया जाएगा। अभियान में पंचायत एवं पंचायती राज संस्थाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। कलेक्टर जैन ने होली के पर्व को आपसी भाईचारे, सामाजिक एकता और हर्षोल्लास के साथ मनाने का संदेश देते हुए हुड़दंग से दूर रहकर सुरक्षित एवं संयमित तरीके से उत्सव मनाने की अपील की है। प्रशासन द्वारा इस संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश भी जारी किए गए हैं, ताकि पर्यावरण हितैषी और सुरक्षित होली का संदेश जन-जन तक पहुंच सके।

## किसान कल्याण पर्व में क्विज प्रतियोगिता मे भाग लेकर किसान जीत सकते हैं आकर्षक ईनाम




**मीडिया ऑडीटर, मऊगंज (निप्र)।** प्रदेश के अन्नदाताओं के लिए किसान कल्याण स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है कृषि आधारित प्रश्नों का सही उत्तर देकर किसान आकर्षक पुरस्कार जीत सकते हैं यह प्रतियोगिता 15 मार्च 2026 तक आयोजित की जाएगी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार के रूप में ट्रैक्टर द्वितीय पुरस्कार के रूप में बुलेट मोटरसाइकिल तथा तृतीय पुरस्कार के रूप में ई-स्कूटर प्रदान किया जाएगा विजेताओं का चयन लॉटरी प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा। यह प्रतियोगिता केवल मध्यप्रदेश के किसानों एवं उनके परिजनों के लिए निर्धारित है शासन की इस पहल का उद्देश्य किसानों को कृषि संबंधी जानकारी से जोड़ना तथा उन्हें प्रोत्साहित करना है किसानों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाएं।

## 3 मार्च शाम 6:48 के बाद रंगोत्सव शुभ: पंडित ने होली का मुहूर्त स्पष्ट किया, बोले-चंद्र ग्रहण सूतक में मांगलिक कार्य वर्जित

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** सीधी और रीवा जिलों में होली को लेकर उत्साह चरम पर है बाजारों में अबीर-गुलाल, पिचकारी और रंगों की खरीदारी तेज हो चुकी है। इसी बीच, ज्योतिषीय गणनाओं के आधार पर पंडितों ने होली के शुभ मुहूर्त को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की है जिससे तिथि और समय को लेकर बनी असमंजस की स्थिति काफी हद तक साफ हो गई है प्रख्यात ज्योतिषाचार्य पंडित विनय प्रसाद शास्त्री ने बताया कि इस साल होली खेलने का शुभ समय 3 मार्च की शाम 6:48 बजे के बाद ही माना जाएगा उन्होंने स्पष्ट किया कि होलिका दहन से जुड़ी पूर्णिमा तिथि 2 मार्च की शाम 6 बजे से प्रारंभ होकर रात 12:50 बजे तक प्रभावी रहेगी। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, होलिकायै नमः' मंत्र के जप के





साथ विधिवत होलिका दहन करना शुभ फलदायी रहेगा। पंडित शास्त्री ने आगे कहा कि 3 मार्च को चंद्र ग्रहण का सूतक सुबह 9:18 बजे से प्रारंभ हो जाएगा ग्रहण का दृश्य प्रभाव शाम 6:00 बजे से दिखेगा और इसका मोक्ष शाम 6:48 बजे तक होगा उन्होंने समझाया कि सूतक काल और ग्रहण अवधि के दौरान किसी भी प्रकार के मांगलिक कार्य या उत्सव से बचना चाहिए इसी कारण, रंग-अबीर और गुलाल का प्रयोग ग्रहण मोक्ष के बाद ही पावन माना जाएगा ज्योतिषीय दृष्टिकोण से यह समय विशेष सावधानी का संकेत देता है पंडित शास्त्री के अनुसार, ग्रहण समाप्ति के बाद ही रंगोत्सव करना धार्मिक दृष्टि से उचित है। 4 मार्च को होली खेलना माना जाएगा शुभ इसलिए अधिकांश लोग 3 मार्च की रात के बजाय अगले दिन, यानी 4 मार्च को होली खेलना अधिक शुभ मानेंगे स्थानीय निवासी राम प्रसाद यादव ने बताया कि गांवों में होली का सामाजिक स्वरूप आज भी बेहद जीवंत है, जहां सभी लोग एक साथ जुटते हैं और गिले-शिकवे भूलकर एक-दूसरे को रंग लगाते हैं।

## झटका तार की चपेट में आई बच्ची की मौत,अमलोरी क्षेत्र में खेलते समय हुआ हादसा



**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली (निप्र)।** अमलोरी क्षेत्र में रविवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया खेत के पास खेल रही एक बच्ची झटका तार की चपेट में आ गई जिससे उसकी मौत हो गई मृतका की पहचान हृदय लाल कहार की पुत्री अंशिका कहार के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने फसल को मवेशियों से बचाने के लिए खेत के चारों ओर बिजली का झटका देने वाला तार लगा रखा था बताया जा रहा है कि अंशिका खेलते-खेलते उसी तार के संपर्क में आ गई करंट लगने से वह गंभीर रूप से झुलस गई परिजन और आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और बच्ची को बचाने की कोशिश की, लेकिन उसकी जान नहीं बचाई जा सकी घटना के बाद परिवार में मातम छा गया नवानगर थाना क्षेत्र के जांच अधिकारी अजीत सिंह ने बताया कि बच्ची की मौत झटका तार की चपेट में आने से हुई है सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई की संबंधित विभाग को भी घटना की जानकारी दे दी गई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने खुले और असुरक्षित बिजली तारों को लेकर चिंता जताई है। उनका कहना है कि ऐसे तार भविष्य में भी बड़े हादसों का कारण बन सकते हैं। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

## मोहन पार्क में टाइगर्स की हलचल तेज: बिना कॉलर आईडी के 10 बाघ दिखे, रेंजर बोले- सफारी होने से बढ़ेगा पर्यटन

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** वन मंडल के मोहन पार्क इलाके में इन दिनों बाघों की हलचल काफी बढ़ गई है वन विभाग की टीम लगातार इलाके में घूमकर इन गतिविधियों पर नजर रख रही है। रेंजर जितेंद्र पाराशर ने सहायक वन परिक्षेत्राधिकारी गोविंद विश्वकर्मा और अपनी पांच सदस्यीय टीम के साथ मौके पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

**10 बाघों का जमावड़ा और नए टाइगरों की एंट्री:** रेंजर पाराशर ने बताया कि मोहन रेंज में इस समय कुल 10 बाघ मौजूद हैं। इनमें 3 नर, 2 मादा और उनके 5 शावक शामिल हैं हाल ही में जांच के दौरान एक मादा बाघ (ञ 46) और एक नर बाघ (ञ 53) को भी देखा गया है जिनके



गले में कॉलर आईडी नहीं लगी है वन विभाग इन सभी की सुरक्षा के लिए लगातार निगरानी कर रहा है निरीक्षण के दौरान रेंजर ने इस बात पर चिंता जताई कि मोहन पार्क में सैलानियों के लिए जिप्सी जैसी सफारी की सुविधा नहीं है उनका कहना है कि सफारी न होने की वजह से विभाग की कमाई पर असर पड़ रहा है अगर यहां सफारी शुरू होती है तो इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और वन विभाग की आमदनी भी बढ़ेगी बाघों की आवाजाही को देखते हुए वन विभाग ने आसपास के गांवों के लोगों को अलर्ट कर दिया है लोगों से कहा गया है कि वे बिना वजह जंगल की तरफ न जाएं साथ ही किसी भी तरह की संदिग्ध हलचल दिखने पर तुरंत वन विभाग को खबर करने के निर्देश दिए गए हैं।

## साले की बात से नाराज जीजा टावर पर चढ़ा, मझौली में 5 घंटे बाद सुरक्षित उतारा नशे में था युवक

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** मझौली थाना क्षेत्र में रविवार को उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवक नशे की हालत में हाई टेंशन बिजली के टावर पर चढ़ गया करीब 5 घंटे तक चले हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद प्रशासन ने उसे सुरक्षित नीचे उतार लिया यह घटना दोपहर 1 बजे के आसपास चुवाही-करमाई रोड स्थित बम्हनमरा टोला में हुई युवक की पहचान शहडोल जिले के खारी देवरी निवासी अमर सिंह (35 वर्ष) के रूप में हुई है वह मझौली में अपने ससुराल आया हुआ था बताया जा रहा है कि अपने साले (पत्नी के भाई) से किसी बात पर अनबन और नशे की अधिकता की वजह से वह नाराज होकर घर से निकला और पास ही महुआ पानी क्षेत्र में स्थित टावर पर चढ़ गया 5 घंटे तक प्रशासन की सांसें अटकी रहीं जैसे ही ग्रामीणों ने युवक को टावर पर देखा इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही मझौली थाना प्रभारी विशाल शर्मा, तहसीलदार दिलीप सिंह और डॉ. राकेश तिवारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने उसे काफी देर तक नीचे उतरने की समझाइश दी, लेकिन वह मानने को तैयार नहीं था। मामले की गंभीरता को देखते हुए फौरन पावरग्रिड की टीम को भी बुलाया गया ताकि बिजली सप्लाई से कोई बड़ा हादसा न हो जाए। शाम करीब 7:00 बजे, प्रशासन और पावरग्रिड टीम की लगातार कोशिशों और सुरक्षा उपायों के बाद युवक को सुरक्षित नीचे उतार लिया गया थाना प्रभारी ने बताया कि युवक नशे में था, जिसके कारण वह टावर पर चढ़ने की स्पष्ट वजह नहीं बता पाया है।

## एनसीएल कॉलोनी में महिला की मौत, ठेकेदार गिरफ्तार :पुलिस बोली,आरोपी की प्रताड़ना के चलते सुसाइड किया

**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली (निप्र)।** नवानगर थाना क्षेत्र में आने वाली एनसीएल की निगाही कॉलोनी में 27 फरवरी को एक महिला का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला था रविवार को पुलिस ने रविवार को एक ठेकेदार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है पुलिस का कहना है कि महिला ने प्रताड़ना से तंग आकर यह आत्मघाती कदम उठाया। पुलिस जांच में सामने आया है कि 35 साल की फूलमती बसोर पिछले कई सालों से आरोपी ठेकेदार संदीप के साथ रह रही थी मृतका के पति की मौत काफी समय पहले हो चुकी थी गवाहों के बयानों और शुरुआती जांच के आधार पर पुलिस का मानना है कि संदीप उसे लगातार प्रताड़ित कर रहा था जिससे परेशान



होकर फूलमती ने अपनी जान दे दी नवानगर थाना प्रभारी डॉ. अनिल कुमार पटेल ने बताया कि नॉर्दर्न कोलफील्ड लिमिटेड (एनसीएल) की कॉलोनी के एक सरकारी क्वार्टर में महिला के फांसी लगाने की सूचना मिली थी पुलिस ने मौके से शराब की बोतल और अन्य सामान भी बरामद किया है हालांकि, मौत की असली वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पूरी तरह साफ हो पाएगी। एनसीएल प्रबंधन की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि जिस सरकारी क्वार्टर में यह घटना हुई वह आरोपी ठेकेदार को किन नियमों के तहत दिया गया था। फिलहाल पुलिस ने आरोपी संदीप को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है और मामले की जांच कर रही है।

# किसान कल्याण वर्ष 2026 : उपार्जन व्यवस्था से किसानों को मिलेगा उपज का बेहतर मूल्य

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** किसान कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत प्रदेश सरकार द्वारा कृषि आय में वृद्धि एवं किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के उद्देश्य से सार्वजनिक उपार्जन प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाया गया है ताकि किसानों को सही समय पर उचित दाम मिल सके और वे बाजार की अनिश्चितताओं से सुरक्षित रह सकें। रबी विपणन वर्ष 2024-25 में प्रदेश में लगभग 48.38 लाख मीट्रिक टन गेहूँ की खरीदी की गई थी। उस





समय समर्थन मूल्य 2,400 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया था, जिसमें125 रुपये प्रति क्विंटल का बोनस शामिल था इस वर्ष भी समर्थन मूल्य आधारित उपार्जन के माध्यम से किसानों को सीधा लाभ पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है गेहूँ के साथ-साथ धान, सोयाबीन, कोदो-कुटकी, चना, उड़द एवं मसूर जैसी फसलों के उपार्जन के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। भावांतर योजना, बोनस राशि, मंडियों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार तथा फार्म गेट पोर्टल जैसी व्यवस्थाओं के माध्यम से किसानों को सीधे बाजार से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही, खाद्य प्रसंस्करण और कृषि आधारित मार्केट प्लेस को बढ़ावा देकर मूल्य संवर्धन सुनिश्चित किया जा रहा है। प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण क्षमता बढ़ाने हेतु बुनियादी ढांचे, परिवहन, गोदामों और कोल्ड स्टोरेज सुविधाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है कृषि उपज के बेहतर मूल्य की सुनिश्चितता के लिए वर्ष 2026-27 हेतु 8,091 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। रबी विपणन वर्ष 2026-27 के लिए समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन हेतु किसानों का पंजीयन जारी है। जिले में कुल 41 पंजीयन केंद्र स्थापित किए गए हैं। संबंधित विभाग द्वारा किसानों से अपील की गई है कि वे 7 मार्च 2026 तक अपने निकटतम केंद्र में निःशुल्क पंजीयन कराकर शासन की इस लाभकारी योजना का लाभ उठाएं।

## राम नवमी जन्मोत्सव की तैयारियां प्रारंभ, नवीन कार्यकारिणी की घोषणा

**मीडिया ऑडीटर,रीवा (निप्र)।** नगर में प्रभु राम के पावन जन्मोत्सव को भव्य और दिव्य स्वरूप प्रदान करने हेतु राम नवमी उत्सव समिति की महत्वपूर्ण बैठक स्थानीय स्टार होटल में संपन्न हुई बैठक में विश्व हिंदू परिषद के संगठन मंत्री अवधेश सिंह जी, विभाग मंत्री विश्वनाथ खारोल बाबा कोषाध्यक्ष हरीश ढींगरा जी एवं नगर अध्यक्ष अमित डिगवानी जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक के दौरान इस वर्ष की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई समिति ने सर्वसम्मति से संरक्षक के रूप में सुनील सिंह जी (जिला अध्यक्ष, विश्व हिंदू परिषद रीवा) को दायित्व सौंपा मार्गदर्शक के रूप में प्रकाश गुप्ता 'केसरिया' अध्यक्ष पद पर नरेश काली सचिव के रूप में दिव्यांशु गौतम तथा कोषाध्यक्ष के रूप में अशोक मिश्रा का चयन किया गया। इसी प्रकार महिला प्रमुख के रूप में नीलिमा सिंह युवा प्रमुख के रूप में विपिन मिश्रा तथा प्रचार-प्रसार प्रभारी के रूप में अंशुमान गुप्ता को जिम्मेदारी सौंपी गई उपस्थित जनों ने नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए आगामी आयोजन को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया। अध्यक्ष नरेश काली जी ने अपने वक्तव्य में कहा कि विगत वर्षों से रीवा नगर में निकलने वाली राम नवमी की भव्य शोभायात्रा को इस वर्ष और अधिक व्यापक, भावपूर्ण एवं अनुशासित स्वरूप दिया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक रामभक्त इसमें सहभागी बन सकें सचिव दिव्यांशु गौतम ने बताया कि समिति का लक्ष्य है कि राम नवमी शोभायात्रा की सूचना नगर के प्रत्येक घर तक पहुंचे।

# एक नई जंग, मिडिल ईस्ट में बढ़ा तनाव

**संपादकीय**

अमेरिका और इजरायल ने ईरान पर हमला किया, जिसके जवाब में ईरान ने भी इजरायल और अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाया। लेबनान के हिजबुल्ला और यमन के हाउती भी इसमें शामिल हो गए हैं।

अमेरिका जिस तरह बीते कुछ दिनों से ईरान को चेतावनी देने के साथ ही उसकी घेरेबंदी कर रहा था, उससे ऐसा लगता था कि उसका उद्देश्य उससे वार्ता कर उसे इसके लिए बाध्य करना भर है कि वह अपने परमाणु कार्यक्रम का परित्याग कर दे, लेकिन उससे बातचीत के बीच ही उसने इजरायल संग उस पर हमला बोल दिया। इसके जवाब में ईरान ने भी इजरायल के साथ ही पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाना शुरू कर दिया।

उसका साथ देने के लिए लेबनान के हिजबुल्ला और यमन के हाउती भी आगे आ गए हैं। इसका परिणाम ईरान पर इजरायल एवं अमेरिका के हमले और तेज होने के रूप में ही सामने आएगा। इससे आपसी मतभेदों के दौर से गुजर रहे अरब जगत के साथ-साथ पश्चिम एशिया और अस्थिर तो होगा ही, तेल के दाम भी बढ़ सकते हैं। इसके साथ ही विश्व शांति के लिए और गहरा संकट पैदा हो सकता है।

इसलिए और भी, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरानी जनता से अपनी सरकार को उखाड़ फेंकने की अपील करते हुए कहा है कि लक्ष्य पूरा होने तक अमेरिका रुकेगा नहीं। ट्रंप का लक्ष्य केवल ईरान के परमाणु हथियार बनाने वाले तंत्र को ध्वस्त करना ही नहीं, बल्कि वहां सत्ता परिवर्तन करना भी है। इसीलिए ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई के आवास पर भी हमले किए गए। यह जंग ऐसे समय शुरू हुई है, जब रूस-यूक्रेन युद्ध चार साल बाद भी जारी है और पिछले दिनों अफगानिस्तान एवं पाकिस्तान में भी युद्ध छिड़ गया।

इजरायल-अमेरिका और ईरान के बीच का सैन्य संघर्ष कहीं अधिक व्यापक असर वाला हो सकता है। इससे भारत भी प्रभावित होगा। उसके समक्ष न केवल पश्चिम एशिया के विभिन्न देशों में रह रहे लाखों भारतीयों को निकालने की चुनौती पैदा हो सकती है, बल्कि महंगे कच्चे तेल की खरीदारी की बाध्यता भी। यह भी तय है कि इस जंग में वह किसी भी पक्ष के साथ खड़ा नहीं दिखना चाहेगा।

## म्यूट मोड पर किशोर मन स्क्रीन के पीछे का अनसुना शोर

**दिलीप कुमार पाठक**

(02 मार्च विश्व किशोर मानसिक स्वास्थ्य दिवस)

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में हम अक्सर मकान की मजबूती तो देखते हैं, लेकिन उसकी नींव में दबी दरारों को भूल जाते हैं। किशोरावस्था जीवन की वही नींव है जिसे अक्सर उम्र का तकाज़ा कहकर नज़रअंदाज़ कर दिया जाता है। हर साल 2 मार्च को मनाया जाने वाला विश्व किशोर मानसिक स्वास्थ्य दिवस हमें याद दिलाता है कि हमारे घर के बच्चों के मन में भी कई बार गहरा अंधेरा छाया होता है। आज का किशोर कल के युवाओं की तुलना में कहीं अधिक साधन संपन्न और तकनीक का जानकार है, लेकिन विडंबना यह है कि वह पहले से कहीं अधिक अकेला और मानसिक दबाव में भी है।


आज के किशोरों के पास सबसे बड़ी चुनौती है दिखावे की संस्कृति। हाथ में स्मार्टफोन और आंखों में चमकदार भविष्य के सपने लेकर वे जिस डिजिटल दुनिया में जी रहे हैं, वह जितनी आकर्षक है, उतनी ही भ्रामक भी है। सोशल मीडिया पर लाइक्स, व्यूज और कमेंट्स की संख्या अब उनके आत्म-सम्मान का पैमाना बन गई है। किसी सहपाठी की फिल्टर लगी फोटो या उसकी महंगी छुट्टियों की तस्वीरें देखकर खुद को कमतर आंकना अब एक मानसिक महामारी का रूप ले रहा है। यह तुलना का रोग उन्हें धीरे-धीरे हीन भावना और अवसाद की ओर धकेल रहा है, जिसे वे किसी से साझा भी नहीं कर पाते। अखबारों की सुर्खियों और टीवी के शोर के बीच, क्या हमने कभी गौर किया है कि घर के कोने में चुपचाप बैठा किशोर क्या सोच रहा है? स्कूल में अव्वल आने का बोझ, नामी संस्थानों में दाखिले की अंधी दौड़ और फिर दोस्तों के बीच खुद को कूल दिखाने की होड़। इन सबके बीच उनका मासूम और असली व्यक्तित्व कहीं खो जाता है। वे बोलना चाहते हैं, चीखना चाहते हैं, लेकिन डरते हैं कि कहीं उन्हें कमजोर या बीमार न समझ लिया जाए। हमारे समाज में आज भी शारीरिक चोट तो दिखती है, लेकिन मन के घावों पर बात करना अच्छा नहीं माना जाता। यही चुप्पी किशोरों को अंदर ही अंदर तोड़ देती है।

बीते कुछ वर्षों में तकनीक पर निर्भरता ने स्थितियां और जटिल कर दी हैं। स्क्रीन पर घंटों समय बिताने से वास्तविक मानवीय संवाद कम हो गया है। एक ही छत के नीचे, एक ही मेज पर खाना खाते हुए भी माता-पिता और बच्चों के बीच बातचीत की दूरी बढ़ती जा रही है। किशोरों की चिड़चिड़ाहट, नींद न आना, अचानक चुप हो जाना या खाने की आदतों में बदलाव को अक्सर अनुशासनहीनता या गुस्सा मान लिया जाता है। जबकि हकीकत में ये उनके अशांत मन की पुकार और खराब मानसिक स्वास्थ्य के शुरुआती लक्षण हो सकते हैं। उन्हें इस वक्त डांट या उपदेश की नहीं, बल्कि एक ऐसे भरोसेमंद दोस्त की जरूरत है जो उन्हें बिना किसी फैसले के सुन सके। शिक्षा व्यवस्था और करियर का दबाव भी एक गंभीर चिंता है। केवल अंकों के आधार पर सफलता का पैमाना तय कर देने वाली मानसिकता किशोरों के आत्मविश्वास की हत्या कर देती है। हमें एक समाज के रूप में यह समझना होगा कि हर बच्चा एक ही सांचे में नहीं ढल सकता। किसी के पास संगीत की अद्भुत लय होती है, तो किसी के पास रंगों की समझ या खेलों का जुनून। उनके भीतर छिपे उस अनूठे हुनर को पहचानना और उन्हें हार को सहजता से स्वीकार करना सिखाना ही मानसिक मजबूती की पहली सीढ़ी है। सफलता की कहानियों के साथ-साथ उन्हें संघर्ष और विफलता से उबरने की कहानियां सुनाना भी उतना ही जरूरी है। इस विशेष दिवस पर हमें यह संकल्प लेना होगा कि हम अपने बच्चों के लिए एक ऐसा सुरक्षित वातावरण तैयार करेंगे जहां वे अपनी गलतियों पर शर्मिंदा न हों। डिजिटल दुनिया से बाहर निकलकर प्रकृति और शारीरिक खेलों से उनका नाता फिर से जोड़ना होगा। माता-पिता को चाहिए कि वे अपने व्यस्त शेड्यूल से कुछ वक्त निकालकर बच्चों के साथ बिना किसी एजेंडे या मोबाइल के बैठें। उनकी छोटी-छोटी समस्याओं को बचपना कहकर खारिज न करें। कभी-कभी सिर्फ यह कहना कि मैं तुम्हारी बात समझ रहा हूँ और मैं हर हाल में तुम्हारे साथ हूँ, किसी भी महंगी थेरेपी से बड़ा असर कर जाता है। अंततः, किशोर मानसिक स्वास्थ्य केवल डॉक्टरों या विशेषज्ञों का विषय नहीं है, बल्कि यह एक साझा सामाजिक जिम्मेदारी है। यदि हम चाहते हैं कि देश का भविष्य मानसिक रूप से सशक्त और संतुलित हो, तो हमें उनकी वैचारिक उर्वरता और मन की शांति का निवेश आज ही करना होगा।

## सच की हदबंदी करना उचित नहीं मीलार्ड

> **एनसीईआरटी की कक्षा आठ की एक किताब में न्यायपालिका से जुड़ी विवादित सामग्री पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा आपत्ति जताने के बाद सरकार द्वारा न्यायिक भ्रष्टाचार से संबंधित विवादास्पद अंशों को हटाने का निर्णय लिया है।गुरुवार सुप्रीम कोर्ट ने एनसीईआरटी की कक्षा आठ की सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तक में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार से संबंधित अध्याय पर कड़ा रुख अपनाते हुए पुस्तक पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है।सवाल उठता है कि माननीय शीर्ष अदालत ने जिस तरह इस मामले में तत्परता दिखाते हुए तथ्यपरक अध्याय पर गंभीर आपत्ति और कारवाई की है क्या ऐसी ही तत्परता न्यायपालिका की साख पर धब्बा लगाने वाले न्यायिक व्यवस्था से जुड़े भ्रष्टाचारियों के खिलाफ भी अमल में लायी गयी।**

**मनोज कुमार अग्रवाल**




आपको बता दें कि शीर्ष अदालत ने बाजार में उपलब्ध सभी प्रतियां जब्त करने और डिजिटल संस्करण हटाने के साथ ही पुस्तक को सार्वजनिक पहुंच से हटाने के आदेश दिए हैं। इतना ही नहीं कोर्ट ने अध्याय तैयार करने वाली कमेटी के सदस्यों का ब्योरा तलब किया हैं। एनसीईआरटी के निदेशक और स्कूल शिक्षा सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी कर पूछा है कि बताएं क्यों न जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। दो सप्ताह में अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले को 11 मार्च को फिर सुनवाई के लिए लगाने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि यह न्यायपालिका को कमजोर करने और उसकी गरिमा को ठोस पहुंचाने की सुनियोजित साजिश है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने माफी मांगते हुए कहा कि इस अध्याय को तैयार करने वाले दो लोग अब कभी भी एनसीईआरटी या किसी भी मंत्रालय में काम नहीं करेंगे तो चीफ जस्टिस सूर्यकांत की टिप्पणी थी कि तब तो ये बहुत आसान हो जाएगा और वो बरी हो जाएंगे। उन्होंने गोली चलाई है, न्यायपालिका आज खून से लथपथ है।चीफ जस्टिस ने कहा कि पुस्तक की प्रतियां बाजार में हैं। ये एक सोची समझी चाल है। पूरे शिक्षण समुदाय को बताया जाएगा कि भारतीय न्यायपालिका भ्रष्ट है और मामले लंबित हैं।

यह स्वीकार्य तथ्य है कि देश की न्यायपालिका केवल एक संवैधानिक संस्था नहीं है, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा है। जब इस संस्था की छवि, भूमिका या विश्वसनीयता से जुड़ा कोई प्रश्न उठता है, तो उसका असर पूरे समाज और आने वाली पीढ़ियों की सोच पर पड़ता है। आम नागरिक जब अन्य सभी दरवाजों से निराश हो जाता है, तब वह अदालत की चौखट पर दस्तक देता है। ऐसे में यदि स्कूली पाठ्यपुस्तकों में न्यायपालिका को भ्रष्टाचार जैसी गंभीर चुनौती के संदर्भ में प्रस्तुत किया जाए, तो हो सकता है कि बच्चों का विश्वास न्यायपालिका पर से बचपन में ही डगमगा जाएगा।

आपको बता दें कि एनसीईआरटी की कक्षा आठ की किताब में विवादित अध्याय हमारे समाज में न्यायपालिका की भूमिका शीर्षक से प्रकाशित हुआ है। पहले के संस्करणों में जहां न्यायालयों की संरचना, कार्यप्रणाली और न्याय तक पहुंच पर ध्यान केंद्रित था, वहीं नये संस्करण में व्यवस्था की चुनौतियों पर भी चर्चा की गयी है। न्यायपालिका में भ्रष्टाचार शीर्षक खंड में कहा गया है कि विभिन्न स्तरों पर लोगों को भ्रष्टाचार का सामना करना पड़ सकता है और गरीब तथा वंचित वर्गों के लिए इससे न्याय तक पहुंच और कठिन हो सकती है। पुस्तक में यह भी लेख है कि राज्य और केंद्र स्तर पर पारदर्शिता बढ़ाने तथा तकनीक के उपयोग से सुधार के प्रयास किये जा रहे हैं। पुस्तक में लंबित मुकदमों के आंकड़े भी दिये गये हैं। इसमें बताया गया है कि उच्चतम न्यायालय में लगभग 81 हजार मामले लंबित हैं, उच्च न्यायालयों में लगभग 62.40 लाख और जिला तथा अधीनस्थ न्यायालयों में करीब 4.70 करोड़ मामले लंबित हैं। ये आंकड़े न्याय प्रणाली पर बढ़ते बोझ को दर्शाते हैं। पुस्तक में केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली के जरिये प्राप्त शिकायतों का भी अलेख है और बताया गया है कि 2017 से 2021 के बीच 1600 से अधिक शिकायतें दर्ज की गयीं। नयी पुस्तक के न्यायपालिका में भ्रष्टाचार खंड में कहा गया है कि न्यायाधीश एक आचार संहिता से बंधे होते हैं जो न केवल अदालत में उनके व्यवहार को नियंत्रित करती है, बल्कि अदालत के बाहर उनके आचरण को भी नियंत्रित करती है। इस अध्याय में भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई का कथन भी उद्धृत किया गया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि न्यायपालिका के भीतर भ्रष्टाचार और कदाचार की घटनाएं जन विश्वास पर नकारात्मक प्रभाव डालती हैं, किंतु त्वरित और पारदर्शी कार्रवाई से इस विश्वास को पुन स्थापित किया जा सकता है।

हाल ही में यह मामला मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष लाकर वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी ने इस पर गंभीर आपत्ति जताई। सिब्बल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि स्कूली बच्चों को न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के बारे में पढ़ाया जाना न केवल अनुचित है, बल्कि निंदनीय भी है। । मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने तत्काल संज्ञान लिया।

आपको बता दें कि लोकतंत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही आवश्यक तत्व हैं। न्यायपालिका भी इससे अछूती नहीं है। समय-समय पर अदालतों ने स्वयं यह कहा है कि आलोचना लोकतंत्र का हिस्सा है, बशर्ते यह तथ्यात्मक और मर्यादित हो। बेशक न्यायपालिका में भ्रष्टाचार पर एक पाठ्यपुस्तक के आलेख पर न्याय के देवता बुरी तरह बिफर रहें हैं इससे न्यायपालिका में भ्रष्टाचार का प्रश्न ओझल होने वाला नहीं है। न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के अनेक मामले सामने आ चुके हैं और उन पर व्यापक चर्चा भी होती रहती है। हाल में सबसे अधिक चर्चा हुई दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश रहे यशवंत वर्मा के भ्रष्टाचार की। उनके आवास से करोड़ों के अधजले नोट बरामद किए गए थे। चूंकि उनके खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया अभी पूरी नहीं हो सकी है, इसलिए वे अपने पद पर बने हुए हैं।

यहां गौर तलब है कि भ्रष्टाचार के कारण अन्य अनेक न्यायाधीश भी कठघरे में खड़े हो चुके हैं। इनमें से कई न्यायाधीशों के खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया शुरू हुई, लेकिन किसी के भी विरुद्ध वह अंजाम तक नहीं पहुंच सकी। इसका यह मतलब नहीं हो सकता कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार है ही नहीं।एनसीईआरटी की पहले की पुस्तक में भी न्यायपालिका के बारे में उल्लेख था, लेकिन वह न्यायालयों की संरचना और भूमिका तक सीमित था।

लेकिन इस पूरे प्रकरण में कुछ बुनियादी प्रश्न उठते हैं। पहला, क्या पाठ्यपुस्तकों में संस्थागत भ्रष्टाचार जैसे विषयों का उल्लेख पूरी तरह से प्रतिबंधित होना चाहिए? दूसरा, यदि आलोचना हो, तो उसका स्वर, संदर्भ और प्रस्तुति कैसी होनी चाहिए? और तीसरा, बच्चों को संवैधानिक संस्थाओं के बारे में किस प्रकार की समझ दी जानी चाहिए ? यह स्वीकार करना चाहिए कि कक्षा आठ के विद्यार्थी किशोरावस्था की दहलीज पर होते हैं जटिल संस्थागत संदर्भों को पूरी गहराई से समझने की स्थिति में नहीं होते। ऐसे में यदि उन्हें यह बताया जाए कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार है, तो यह आवश्यक है कि साथ ही यह भी बताया जाए कि भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच की व्यवस्था क्या है, न्यायिक जवाबदेही की प्रणाली कैसे काम करती है, और कैसे अधिकांश न्यायाधीश निष्पक्षता व ईमानदारी से अपना दायित्व निभाते हैं। ऐसे में न्यायपालिका को लेकर कोई भी कथन संवेदनशील हो जाता है। मुख्य न्यायाधीश की यह टिप्पणी कि चाहे वह कितना भी ऊंचा पद पर हो, कानून अपना काम करेगा, यह संकेत देती है कि यदि किसी ने जानबूझकर संस्था की छवि धूमिल करने का प्रयास किया है, तो उसके विरुद्ध कार्रवाई हो सकती है। न्यायपालिका देश की आशा और विश्वास का केंद्र है। उसकी प्रति अक्षुण्ण रहनी चाहिए, पर वह प्रतिष्ठा तथ्यों आलोचना या समीक्षा को दबाने से नहीं, बल्कि सत्य का साहसपूर्वक सामना करने से और भी सुदृढ़ होती है। सवाल है कि क्या इस चैप्टर को स्नातक या परास्नातक के पाठ्यक्रम में शामिल करने पर अपनी स्वीकृति मीलार्ड देंगे अथवा उन्हें न्यायपालिका की वास्तविकता पर कोई विश्लेषण स्वीकार नही है? सरकार बैकफुट पर है सफाई में कहा गया है कि एनसीईआरटी एक स्वायत्त संस्था है, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि एनसीईआरटी की पुस्तक में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार पर अध्याय शामिल करना दुर्भाग्यपूर्ण है और सरकार इस मामले को गंभीरता से ले रही । इस मामले पर खेद व्यक्त करते हुए श्री प्रधान ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय का जो भी आदेश होगा। मंत्रालय उसका पालन करेगा। उन्होंने कहा कि विभाग के सचिव को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है कि एनसीईआरटी की पुस्तक में इस तरह का गैर-जिम्मेदाराना अध्याय जोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।जाहिर है आगामी दिनों मे कुछ लोगों को कटु सच बयानी की सजा मिलेगी न्याय के शिखर का अहम तुष्ट होगा लेकिन भ्रष्टाचार का सवाल यथावत बना रहेगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

## नया बीज बिल- 2026: किसानों के हक और बीज की क्वालिटी के लिए नई दिशा

**भारत दुनिया के खेती-बाड़ी वाले देशों में से एक है। यह कहना गलत नहीं होगा कि देश की एक बड़ी आबादी अभी भी सीधे या अप्रत्यक्ष रूप से खेती पर निर्भर है। अनुकूल मौसम, उपजाऊ मिट्टी और अलग-अलग भौगोलिक हालात कई तरह की फसलों की खेती के लिए सही हैं। गेहूं, चावल, गन्ना, दालें, तिलहन, कपास और मसाले जैसी फसलें न सिर्फ देश की खाने की ज़रूरतों को पूरा करती हैं, बल्कि एक्सपोर्ट के ज़रिए विदेशी मुद्रा कमाने में भी अहम भूमिका निभाती हैं। खेती-बाड़ी का सेक्टर ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और लाखों लोगों को रोज़गार देता है। इसके अलावा, पशुपालन, डेयरी फार्मिंग, मछली पालन और बागवानी जैसे सहायक सेक्टर किसानों की इनकम बढ़ाने में मददगार साबित हो रहे हैं।**

**सुनील कुमार महला**

समय-समय पर लागू की गई सरकारी योजनाएं और मॉडर्न टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल खेती को ज़्यादा प्रोडक्टिव, फायदेमंद और टिकाऊ बनाने में मदद कर रहा है। इस तरह, खेती न सिर्फ रोज़ी-रोटी का ज़रिया है, बल्कि भारत के सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक ताने-बाने का एक अहम हिस्सा भी है। इस संदर्भ में, भारत सरकार एक नया सीड्स बिल, 2026 लाने की तैयारी कर रही है, जिसका मकसद एग्रीकल्चर सेक्टर में बड़े सुधार लाना है। यह पुराने सीड्स एक्ट, 1966 की जगह लेगा। अभी, सीड इंडस्ट्री में टेक्नोलॉजी में तरक्की और मल्टीनेशनल कंपनियों के बढ़ते असर की वजह से, पुराना कानून काफी नहीं माना जा रहा है। सरकार का मकसद किसानों को मजबूत कानूनी सुरक्षा देना, सीड मार्केट में ट्रांसपेरेंसी लाना और कॉर्पोरेट कंपनियों की मनमानी पर असरदार कंट्रोल करना है। कृषि मंत्रालय ने किसान संगठनों, सीड इंडस्ट्री और दूसरे स्टेकहोल्डर्स से इनपुट लेने के बाद इस बिल का ड्राफ्ट तैयार किया है। कैबिनेट की मंजूरी के बाद, इसे पार्लियामेंट के मौजूदा सेशन में पेश करने और जल्द से जल्द पास करने का प्लान है।

नए कानून का बैकग्राउंड 2015-16 के बीटी कॉटन विवाद से जुड़ा है। जैसा कि पाठक जानते हैं, रॉयल्टी को लेकर अमेरिकी कंपनी मोनसेंटो और भारतीय सीड कंपनियों के बीच एक गंभीर विवाद खड़ा हो गया था। मोनसेंटो अपनी टेक्नोलॉजी के लिए बहुत ज़्यादा रॉयल्टी ले रही थी, जिससे सीड की कीमतें बढ़ गईं और किसानों पर एक्स्ट्रा फाइनेंशियल बोझ पड़ा। भारत सरकार ने बीटी कॉटन के बीजों के लिए एक सीलिंग प्राइस और रॉयल्टी में कमी का ऑर्डर दिया। कंपनी ने इस फैसले को दिल्ली हाई कोर्ट में चैलेंज किया, और मामला सुप्रीम कोर्ट चला गया। इस कानूनी लड़ाई से पता चला कि पुराना कानून मल्टीनेशनल कंपनियों की पावर को कंट्रोल करने और बीज की कीमतों और क्वालिटी पर सरकार के अधिकार को साफ करने में कमजोर था। असल में, इसी स्थिति ने नए सीड्स बिल का आधार बनाया।

प्रस्तावित सीड्स बिल 2026 सभी बीजों का सरकारी रजिस्ट्रेशन ज़रूरी बनाता है, और बिना सरकारी मंज़ूरी के कोई भी बीज बाज़ार में नहीं बेचा जाएगा। पुराने कानून के तहत, कंपनियां अपने बीजों को असली लेबल वाली कैटेगरी में बिना किसी सख्त रजिस्ट्रेशन ज़रूरत के बेच सकती थीं, लेकिन अब यह तरीका खत्म कर दिया जाएगा। नया कानून बीजों के लिए साफ क्वालिटी स्टैंडर्ड तय करेगा। अगर कोई बीज खराब निकलता है और फसलों को नुकसान पहुंचाता है, तो संबंधित कंपनी को किसानों को हर्जाना देना होगा। यह कहना सही होगा कि इससे किसानों को सीधे कानूनी अधिकार मिलेंगे।

इसके अलावा, बिल में एक डिजिटल ट्रैकिंग सिस्टम और एक नेशनल सीड रजिस्टर का भी प्रावधान है। इससे यह पक्का होगा कि हर बीज की वैरायटी, बनाने वाले और मालिक की जानकारी सरकारी रिकॉर्ड में सुरक्षित रहे। इससे नकली और घटिया बीजों की बिक्री रुकेगी और बीज की चोरी और गुमराह करने वाले दावों पर कंट्रोल होगा। बिना रजिस्टर्ड बीज बेचने, क्वालिटी स्टैंडर्ड का उल्लंघन करने या गलत जानकारी देने वाली कंपनियों के लिए सख्त सज़ा और भारी जुर्माने का भी प्रावधान किया गया है। बीज की कीमत और क्वालिटी कंट्रोल में सरकार की भूमिका को और मज़बूत और साफ़ किया जाएगा, जिससे बड़ी कंपनियाँ मनमानी रॉयल्टी या बहुत ज़्यादा कीमत वसूल नहीं कर पाएँगी।

असल में, सरकार ने यह भी साफ़ किया है कि किसानों को पारंपरिक बीजों के लिए बिना किसी रजिस्ट्रेशन की ज़रूरत के अपने बीज बदलने और बेचने की आज़ादी बनी रहेगी। कुल मिलाकर, नया सीड्स बिल 2026 एक ज़रूरी और बड़ा कानूनी सुधार है जो किसानों को मुआवज़ा, बीज बाज़ार में ट्रांसपेरेंसी, क्वालिटी एश्योरेंस और कॉर्पोरेट कंट्रोल पर रोक का अधिकार पक्का करता है।

अच्छी खबर यह है कि नकली बीजों की वजह से पैसे का नुकसान और मानसिक तनाव झेल रहे किसानों को राहत देने के लिए कानूनी नियमों को मज़बूत किया जा रहा है। ध्यान देने वाली बात यह है कि प्रस्तावित बिल में नकली बीज बेचने पर 30 लाख रुपये तक का जुर्माना और तीन साल तक की जेल का प्रावधान है। इसके अलावा, सरकार बीजों की कीमत और क्वालिटी को रेगुलेट करेगी, जिससे कंपनियां किसानों से मनमानी कीमतें नहीं वसूल पाएंगी।

नकली बीजों के साथ-साथ नकली खाद की समस्या भी लंबे समय से है। बीज बनाने वालों की तरफ से दिए जाने वाले बीजों की क्वालिटी खराब होने से यह समस्या और बढ़ गई है। मौजूद डेटा के मुताबिक, पिछले पांच सालों में देश में 250,000 से ज़्यादा किसान नकली बीजों की वजह से परेशान हुए हैं। फसल खराब होने से मेंटल स्ट्रेस बढ़ा है और सुसाइड की खबरें भी आई हैं। असल में, एक साल में फसल खराब होने का खामियाजा किसानों को अगले चार से पांच साल तक भुगतना पड़ता है। कर्ज का बोझ भी बढ़ जाता है। देश में शायद ही कोई ऐसा इलाका हो जहां नकली खाद और बीजों का धंधा न हो।

जैसा कि एक जाने-माने हिंदी अखबार ने लिखा, सरकार ने लोकसभा में माना है कि साल 2024-25 में टेस्ट किए गए 2.5 लाख सैंपल में से 32,525 बीज नकली पाए गए। मार्केट में कितनी बड़ी मात्रा में नकली खाद और बीज पहुंच रहे हैं, इसका सही डेटा मौजूद नहीं है। किसानों को तब पता चलता है जब उनकी फसल बर्बाद हो जाती है। हिंदी अखबार यह भी साफ-साफ कहता है, चाहे महाराष्ट्र में नकली कपास के बीजों से प्रभावित किसानों का मामला हो या आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, राजस्थान और मध्य प्रदेश में छापे के दौरान जब्त किए गए नकली खाद और बीजों का मामला हो-कमजोर कानून व्यवस्था हर जगह दोषियों को बचा रही है। हर साल हजारों परिवार इस समस्या से प्रभावित होते हैं, क्योंकि फसल खराब होने से कर्ज बढ़ जाता है और परिवार आर्थिक रूप से बर्बाद हो जाते हैं।

यह भी चिंता की बात है कि हाल के सालों में छापे कम हुए हैं, और दोषियों को सजा भी काफी कम मिली है। असरदार मॉनिटरिंग की कमी के कारण, संबंधित एजेंसियां ??अक्सर लापरवाही के लिए किसानों को ही दोषी ठहराती हैं। यह बात कि नकली बीजों के बारे में सिर्फ एक-तिहाई शिकायतों पर ही कार्रवाई हुई है, इस स्थिति का सबूत है।

आखिरकार, बुनियादी सवाल किसानों की सुरक्षा और भरोसे का है। सिर्फ कानून बनाना काफी नहीं है, उन्हें सख्ती से लागू करना भी जरूरी है। किसानों का भरोसा तभी वापस लाया जा सकता है जब एक पारदर्शी जांच सिस्टम, तुरंत मुआवजा देने का सिस्टम और दोषियों के खिलाफ समय पर कार्रवाई हो। नहीं तो, एग्रीकल्चर सेक्टर और किसानों के सामने जो संकट है, उसे हल करना मुश्किल होगा।

(सुनील कुमार महला, फ्रीलांस राइटर, कॉलमिस्ट और युवा साहित्यकार, पिथौरागढ़, उत्तराखंड।)

## बिलासपुर के मंगला अपार्टमेंट में भीषण आग..

# दमकल ने कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया, रिहायशी परिसर में चल रहा था गोदाम

**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर (निप्र)।** मंगला क्षेत्र स्थित गजमोहिनी अपार्टमेंट के निचले हिस्से में रविवार सुबह करीब 5 बजे भीषण आग लग गई आग लगते ही पूरे परिसर में अफरा-तफरी मच गई सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंची कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया जानकारी के मुताबिक, अपार्टमेंट में कुल 48 फ्लैट हैं। हालांकि कितने परिवार रह रहे हैं इसकी आधिकारिक जानकारी अभी सामने नहीं आई है घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र की है प्राथमिक जांच में सामने आया कि रिहायशी अपार्टमेंट का व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा था ग्राउंड फ्लोर पर इलेक्ट्रॉनिक सामान का





बड़ा गोदाम संचालित था नगर निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने कहा कि रिहायशी अपार्टमेंट में गोदाम चलाना नियम विरुद्ध है संचालकों से दस्तावेज मांगे जाएंगे नियम उल्लंघन पाए जाने पर कार्रवाई होगी कमिश्नर ने शहर के सभी अपार्टमेंट का सर्वे कराने की बात कही ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं रोकी जा सकें सुबह सबसे पहले नीचे काम कर रहे कर्मचारियों ने धुआं उठते देखा प्रत्यक्षदर्शी दिनेश कुमार मिश्रा के अनुसार, शुरुआत में हल्का धुआं था, कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया सूचना दी गई तब तक लपटें तेजी से फैल चुकी थीं शुरुआती दौर में पानी नहीं दमकल एक घंटे बाद पहुंचा मौके पर तत्काल पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं था लोगों की संख्या भी कम थी इसलिए शुरुआती प्रयास सफल नहीं हो सके सूचना के करीब एक घंटे बाद फायर ब्रिगेड पहुंची।

## एनच-46 पर 3 वाहनों की जोरदार भिड़ंत, ट्रक से टकराई कार पीछे से घुसी स्कॉर्पियो



**मीडिया ऑडीटर, शिवपुरी (निप्र)।** जिले में नेशनल हाईवे-46 पर रविवार दोपहर करीब 4:30 बजे पूरनखैड़ी गांव के पास तीन वाहनों की आपस में भिड़ंत हो गई इस हादसे में बकरे लेकर जा रहे एक ट्रक के पीछे एक कार जा घुसी और इसके तुरंत बाद एक स्कॉर्पियो भी इन दोनों वाहनों से टकरा गई गनीमत रही कि इस दुर्घटना में किसी भी यात्री को गंभीर चोट नहीं आई और सभी सुरक्षित हैं पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सड़क से वाहनों को हटवाया और यातायात सुचारू कर दिया है। लुकवासा चौकी क्षेत्र में हुए इस हादसे की शुरुआत एक ट्रक से हुई जानकारी के अनुसार, कस्बा थाना क्षेत्र से बकरे भरकर हैदराबाद जा रहा एक ट्रक एनएच-46 से गुजर रहा था इसी दौरान उसके पीछे-पीछे चल रही कानपुर से उज्जैन जा रही एक कार ट्रक से टकरा गई पीछे से आ रही स्कॉर्पियो भी भिड़ी, दोनों कारों में थे परिवार ट्रक और कार की इस टक्कर के तुरंत बाद गुना से शिवपुरी की ओर आ रही एक स्कॉर्पियो भी इन दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहनों से जा भिड़ी बताया गया है कि हादसे का शिकार हुई दोनों कारों में परिवार के सदस्य सवार थे। गनीमत रही कि हादसे में किसी को चोट नहीं आई हालांकि इस भिड़ंत में तीनों वाहनों को आंशिक रूप से नुकसान पहुंचा है। हाईवे पर एक साथ तीन वाहनों की भिड़ंत के बाद मौके पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

## सीएम बोले- 9 छोड़े थे अब 48 चीते हो गए ,कहा- वाइल्ड लाइफ में भारत ने दुनिया में किया नाम, विधायक लोधी के घर भी पहुंचे





**मीडिया ऑडीटर, ग्वालियर (निप्र)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को ग्वालियर आए श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क में चीतों को छोड़े जाने पर खुशी जाहिर की उन्होंने कहा कि हमारे मध्य प्रदेश का फॉरेस्ट समृद्ध हो रहा है अफ्रीका से लाकर जो नर और मादा चीते छोड़े गए हैं, उन्होंने मध्य प्रदेश की साख और बढ़ाई है वाइल्ड लाइफ को लेकर भारत का नाम दुनिया में हुआ है। चीते एशिया महाद्वीप से विलुप्त हो गए थे, वे अब आबाद हो रहे हैं हमें प्रसन्नता है कि 9 चीते छोड़ने के बाद अब इनकी संख्या 48 हो गई है। में सीएम डॉ. यादव ने कहा कि अब मध्य प्रदेश देश के अंदर सबसे ज्यादा टाइगर, सबसे ज्यादा लेपर्ड, सबसे ज्यादा चीते और अब घड़ियाल के मामले में भी मध्य प्रदेश नंबर वन है बीते समय की जो गणना सामने आई है उसके मुताबिक अब गिद्ध के आंकड़े भी समृद्ध हो रहे हैं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अपने दौरे के दौरान कूनो नेशनल पार्क में प्रवास के दौरान कूनो नदी के माध्यम से जलचरों को बढ़ावा देने के लिए मध्य प्रदेश सरकार की जो योजना है उससे आगे बढ़ रहे हैं इसलिए सभी प्रकार के रोजगार के अवसर टूरिज्म सेक्टर वन्य प्राणी के आधार से मिले यह चंबल का सबसे समृद्ध इलाका है। मैं उम्मीद करुंगा कि इसका लाभ हम सबको मिले। रवाना होते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का का काफिला। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन सिंह यादव रविवार को ग्वालियर, श्योपुर व अशोक नगर के प्रवास पर हैं। वे दोपहर 12 बजे ग्वालियर पहुंचे। उन्होंने एयरपोर्ट से सीधे ग्राम जलालपुर पहुंचकर शिवपुरी के पिछोर से विधायक प्रीतम लोधी की माताजी भागवती बाई के निधन पर शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं विधायक प्रीतम लोधी की माताजी भागवती बाई का 26 फरवरी को लगभग 100 वर्ष की आयु में निधन हो गया था इस दौरान प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष शहर जयप्रकाश राजौरिया, ग्रामीण भाजपा जिलाध्यक्ष प्रेम सिंह राजपूत सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## बाजार में होली की रौनक,युवाओं को स्मोक शॉट, बच्चों को इलेक्ट्रिक पिचकारी खूब आ रही पसंद



**मीडिया ऑडीटर, ग्वालियर (निप्र)।** होली के त्योहार को लेकर बाजार पूरी तरह सज चुके हैं। बाजारों में हर्बल रंग, अबीर-गुलाल और नई-नई डिजाइन की पिचकारियों की लंबी रेंज उपलब्ध है ग्राहक परिवार के साथ खरीदारी करने पहुंच रहे हैं और दुकानों पर अच्छी भीड़ देखने को मिल रही है दुकानदार विकास गुप्ता ने बताया कि इस बार बाजार में कई नए और आकर्षक आइटम आए हैं। ग्राहकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है और नए कलेक्शन को लोग काफी पसंद कर रहे हैं दुकानदार विवेक के अनुसार इस बार स्मोक शॉट खास आकर्षण का केंद्र है जिसमें रंग आसमान में फैलते हैं। इसके अलावा इलेक्ट्रिक शॉट गन भी बाजार में आई है जो पानी में डालने पर खुद रंगीन पानी भर लेती है। हनुमान जी की गदा, परशुराम का फरसा और भगवान राम के धनुष-बाण की डिजाइन वाली पिचकारियां भी बाजार में उपलब्ध हैं जिन्हें बच्चे और युवा पसंद कर रहे हैं। होली को लेकर बाजार में सफेद शर्ट, कुर्ती और कुर्ता-पायजामा की मांग बढ़ गई है। जयपुरी जूती, पगड़ी और ब्लैक गॉगल भी लोगों की पसंद बने हुए हैं खासतौर पर बच्चे रंग-बिरंगे कपड़ों की खरीदारी कर रहे हैं शहर की कई कॉलोनियों और सोसायटियों में होली के दिन सामूहिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## टायर फटने से टर्निंग पर पलटा ट्राला :नर्मदापुरम के भोपाल चौराहे पर हुआ हादसाबाल-बाल बचे लोग



**मीडिया ऑडीटर, नर्मदापुरम( निप्र )।** रविवार दोपहर करीब 3 बजे भोपाल चौराहे की टर्निंग पर एक बड़ा ट्राला अचानक पलट गया। हादसे का कारण ट्राले के दो टायर फटना बताया जा रहा है। गनीमत यह रही कि ट्राले के पलटने के दौरान कोई भी व्यक्ति या वाहन उसकी चपेट में नहीं आया वरना एक बड़ा हादसा हो सकता था फिलहाल कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई है और ट्राले के पलटने की वजह की जांच कर रही है ड्राइवर के मुताबिक, ट्राले में ट्राइडेंट कंपनी के टॉवेल लोड किए गए थे इन टॉवेल को ट्राइडेंट कंपनी से पवारखेड़ा ले जाया जा रहा था। भोपाल चौराहे पर जैसे ही ट्राला रसूलिया की तरफ मुड़ रहा था उसी दौरान यह घटना हो गई। टर्निंग के दौरान अचानक से टायर फटने की जोरदार आवाज आई और भारी-भरकम ट्राला पलटी खा गया शुक्र रहा कि उसके गिरने के दौरान कोई भी व्यक्ति इसकी चपेट में नहीं आया। घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया और घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। सड़क पर ट्राला पलटने और भीड़ जमा होने की सूचना मिलते ही कोतवाली थाने का स्टाफ तुरंत मौके पर पहुंच गया। पुलिस ने स्थिति को संभाला और अब ट्राले के पलटने की सटीक वजह का पता लगाने में जुटी हुई है।

## अमोला पुलिस ने 24 पेटी अवैध शराब जब्त की, होली से पहले स्विफ्ट डिजायर कार पकड़ी



**मीडिया ऑडीटर, शिवपुरी (निप्र)।** होली पर्व के मद्देनजर जिले में अवैध शराब की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अमोला थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। झांसी-शिवपुरी हाईवे पर वाहन चेकिंग के दौरान 24 पेटी देशी प्लेन शराब से भरी एक स्विफ्ट डिजायर कार जब्त की गई हालांकि, पुलिस को देखकर चालक मौके से फरार हो गया जब्त शराब और वाहन की कुल कीमत 6 लाख 97 हजार 500 रुपये आंकी गई है। थाना प्रभारी अंशुल गुप्ता ने बताया कि 1 मार्च 2026 को मुखबिर से सूचना मिली थी सूचना में बताया गया था कि एक सफेद रंग की कार में अवैध शराब लाई जा रही है इस जानकारी के आधार पर हाईवे पर सघन चेकिंग अभियान शुरू किया गया चेकिंग के दौरान संदिग्ध स्विफ्ट डिजायर कार को रोकने का प्रयास किया गया हालांकि चालक पुलिस को देखकर गाड़ी छोड़कर भाग निकला वाहन की तलाशी लेने पर उसमें 24 पेटी देशी शराब बरामद हुई जिसकी कुल मात्रा 216 बल्क लीटर है इस शराब की कीमत 97,500 रुपये बताई गई है। पुलिस ने शराब और वाहन जब्त कर लिया है आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 34/26, धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है फरार आरोपी की तलाश जारी है।

## अतिक्रमण पर चला बुलडोजर , हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में 30 दुकानों के अवैध कब्जे ढहाए, 4 घंटे चली कार्रवाई

**मीडिया ऑडीटर, शिवपुरी (निप्र)।** शहर में रविवार को नगर पालिका ने मेडिकल कॉलेज के पास स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में बड़ा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक चली इस कार्रवाई में 25 से 30 दुकानों और दर्जनों घरों के बाहर किए गए कच्चे-पक्के अतिक्रमण को जेसीबी की मदद से ढहा दिया गया टीम ने सीएम राइज स्कूल के पास भी घरों के बाहर किए गए अवैध कब्जों को हटाया। इस दौरान कुछ लोगों ने विरोध किया लेकिन पुलिस बल की मौजूदगी में नगर पालिका ने कार्रवाई को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। यह कार्रवाई प्रशासन को मिली उन शिकायतों के आधार पर की गई है जिनमें बताया गया था कि हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के निर्माण के बाद कई रहवासियों





ने अपने आवासों का मूल स्वरूप ही बदल दिया था। लोगों ने नियमों के विरुद्ध जाकर मकानों के पिछले हिस्से में दुकानों का निर्माण कर लिया था। रहवासियों ने न केवल अवैध रूप से दुकानें बना ली थीं, बल्कि इन दुकानों के सामने भी कच्चा और पक्का अतिक्रमण कर लिया था इन अवैध कब्जों और निर्माण की वजह से कॉलोनी का आम रास्ता बाधित हो रहा था और आवाजाही में परेशानी हो रही थी। नगर पालिका की अतिक्रमण हटाओ टीम रविवार दोपहर करीब 12 बजे जेसीबी के साथ मेडिकल कॉलेज क्षेत्र पहुंची थी और यह अभियान शाम लगभग 4 बजे तक जारी रहा इस दौरान अमले ने हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के दूसरे हिस्से यानी सीएम राइज स्कूल के पास भी घरों के बाहर किए गए अवैध कब्जों को हटाया विरोध के बावजूद पुलिस की मौजूदगी में पूरी हुई कार्रवाई बताया गया है कि नगर पालिका की इस कार्रवाई की जद में लगभग 25 से 30 दुकानें और दर्जनों घर आए जिनके बाहर अतिक्रमण किया गया था। कार्रवाई के दौरान कुछ रहवासियों ने विरोध भी जताया, हालांकि नगर पालिका की टीम ने पुलिस बल की मौजूदगी में इस पूरे अभियान को बिना किसी बड़ी रुकावट के सफलतापूर्वक पूरा किया।

## मजदूरी के पैसे मांगने पर युवक से मारपीट, पिपरौदा में आदिवासी युवक गंभीर, जिला अस्पताल में भर्ती



**मीडिया ऑडीटर, शिवपुरी (निप्र)।** बैराड़ थाना क्षेत्र के पिपरौदा गांव में मजदूरी के पैसे मांगने पर एक आदिवासी युवक के साथ मारपीट की गई 25 वर्षीय युवक आकाश आदिवासी को गंभीर हालत में रविवार शाम जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है डोंगरी गांव निवासी आकाश आदिवासी ने पूर्व में अपने मामा के गांव पिपरौदा में एक पुलिया निर्माण में मजदूरी की थी आरोप है कि उसे इस काम का भुगतान अभी तक नहीं मिला था। रविवार को आकाश अपनी नानी की तेरहवीं में शामिल होने पिपरौदा स्थित ससुराल पहुंचा था। इसी दौरान उसने गांव के संजय रावत से अपनी बकाया मजदूरी के पैसे मांगे। इस बात पर दोनों के बीच विवाद हो गया आरोप- चार साथियों के साथ मिलकर मारपीट की आरोप है कि संजय रावत ने अपने तीन से चार साथियों के साथ मिलकर आकाश के साथ मारपीट की मारपीट इतनी गंभीर थी कि आकाश मौके पर ही बेहोश हो गया। घटना की सूचना मिलने पर परिजन आकाश को बैराड़ थाना ले गए उसकी गंभीर हालत को देखते हुए पुलिस ने उसे पहले बैराड़ स्वास्थ्य केंद्र भेजा प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने आकाश की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहां उसका इलाज जारी है।

## कोहरे का असर खत्म, ट्रेनों के फेरे बहाल बरौनी मेल और सुमावली मेमू पुराने शेड्यूल पर चलेंगी

**मीडिया ऑडीटर, ग्वालियर (निप्र)।** सर्दियों में घने कोहरे के कारण कम किए गए ट्रेनों के फेरे अब बहाल कर दिए गए हैं रेलवे प्रशासन ने मौसम सामान्य होने के बाद ट्रेनों को उनके पुराने शेड्यूल के अनुसार चलाने का निर्णय लिया है कोहरे के कारण बरौनी मेल के फेरे सप्ताह में दो दिन (सोमवार और गुरुवार) के लिए अस्थायी रूप से कम कर दिए गए थे इस वजह से यह ट्रेन ग्वालियर से सप्ताह में केवल पांच दिन ही चल रही थी अब फेरे बहाल होने के बाद यह ट्रेन फिर से अपने नियमित शेड्यूल के अनुसार संचालित होगी ग्वालियर से बिहार जाने वाली बरौनी मेल हजारों यात्रियों के लिए प्रमुख साधन है और बरौनी के लिए यह एकमात्र सीधी ट्रेन है फेरे कम होने से यात्रियों को वैकल्पिक व्यवस्था करनी पड़ रही थी और कई बार यात्राएं स्थगित करनी पड़ती थी` सुमावली के बीच चलने वाली मेमू ट्रेन का एक फेरा भी अस्थायी रूप से कम किया गया था इस ट्रेन से प्रतिदिन करीब एक हजार यात्री सफर करते हैं फेरा कम होने से अन्य ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ बढ़ गई थी रेलवे ने समय जांचकर यात्रा करने की अपील की है।

## राजस्थानी होली महोत्सव का आगाज : चंग की थाप और फाग गीतों से गूंजा शहर, सालों पुरानी मनेंद्रगढ़ की सांस्कृतिक पहचान बनी

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** शहर में राजस्थानी होली महोत्सव का आगाज हो गया है इन दिनों चंग की थाप और फाग गीतों की मधुर धुनें शहर की गलियों में गूंज रही है पारंपरिक वेशभूषा में सजे लोग समूह बनाकर गीत गाते और थिरके यह आयोजन हर साल महाशिवरात्रि से शुरू होकर होली तक जारी रहता है। सालों पुरानी यह परंपरा अब मनेन्द्रगढ़ की एक सांस्कृतिक पहचान बन चुकी है शाम होते ही



लोग चंग के साथ टोलियां बनाकर निकलते हैं और घरों-घर जाकर फाग गीत गाते हैं इस दौरान उनका स्वागत अबीर-गुलाल लगाकर किया जाता है, जो आपसी भाईचारे का संदेश देता है इस परंपरा की शुरुआत सालों पहले राजस्थान में हुई थी इसका उद्देश्य उन राजस्थानी परिवारों को होली के अवसर पर अपनों की कमी महसूस न होने देना था जिनके सदस्य व्यवसाय या रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में चले जाते थे जीवंत हुई सामूहिक फाग और चंग की परंपरा धीरे-धीरे यह सामूहिक फाग और चंग की परंपरा उन सभी स्थानों पर जीवंत होती चली गई जहां राजस्थानी समाज के लोग बसे। मनेन्द्रगढ़ में भी राजस्थानी समाज के लोग इस सांस्कृतिक विरासत को पूरे उत्साह के साथ सहेज रहे हैं पुरुष पारंपरिक वेशभूषा में होते हैं जबकि महिलाएं रंग-बिरंगे घाघरा-ओढ़नी में लोकगीतों की स्वर लहरियां बिखेरती हैं चंग की थाप पर गूंज रहे प्रेम और एकता के गीत चंग की थाप पर गाए जाने वाले ये फाग गीत प्रेम, उमंग और सामाजिक एकता का संदेश देते हैं।

# पिपरिया में कार से 63 लीटर अवैध शराब जब्त

## दो लाख की कार पकड़ाई, होली को देखते हुए टीम कर रही है सर्चिंग




**मीडिया ऑडीटर, पिपरिया (नर्मदापुरम) (निप्र)।** पिपरिया पुलिस ने रविवार को अवैध शराब के परिवहन के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई पिपरिया-बरेली हाईवे पर चौधरी वेयर हाउस, साड़िया रोड के पास की गई। पुलिस ने आरोपी के पास से 63 लीटर अवैध शराब और एक अल्टो कार जब्त की।

**कार की डिग्गी से मिली शराब की खेप :** पुलिस के अनुसार, जब्त की गई शराब की कीमत करीब 50 हजार रुपए है। वहीं, अल्टो कार (क्रमांक स्ब्क04.ष्टक्त4964) की अनुमानित कीमत करीब 2 लाख रुपए बताई गई है। कार की डिग्गी से बैगपाइपर ब्रांड की 375 एमएल की 48 बोतलें (2 पेटी) और 180 एमएल के 250 क्वार्टर (5 पेटी) बरामद किए गए। कुल मात्रा 63 लीटर पाई गई।

**होली पर खपाने की थी तैयारी :** गिरफ्तार आरोपी की पहचान रोहित राय (32), निवासी होली चौक, बरेली, जिला रायसेन के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह होली के त्योहार पर बिक्री के लिए शराब ला रहा था। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया है।

**त्योहारों को देखते हुए चलाया जा रहा है अभियान :** नर्मदापुरम जिले के पुलिस अधीक्षक साई कृष्ण एस. थोटा के निर्देश पर त्योहारों को देखते हुए अवैध शराब के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर यह कार्रवाई की गई।

# इटारसी में सफाईकर्मी पर ब्लेड से हमला

## नाश्ते के दौरान दोस्त ने काटी गर्दन, 10 टांके लगे; मौके से भागा आरोपी



**मीडिया ऑडीटर, इटारसी (निप्र)।** पुरानी इटारसी इलाके में रविवार सुबह नाश्ता कर रहे नगर पालिका के एक सफाईकर्मी पर उसके ही परिचित ने ब्लेड से हमला कर दिया। हमले में सफाईकर्मी की गर्दन और चेहरे पर गंभीर चोट आई हैं, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**नाश्ते के दौरान हुआ विवाद :** जानकारी के अनुसार, वार्ड नंबर 6 इंद्रपुरा निवासी अंकित टॉक (34) नगर पालिका में सफाईकर्मी हैं और कचरा गाड़ी चलाते हैं। रविवार सुबह करीब 10 बजे अंकित ओवरब्रिज के नीचे नाश्ता कर रहे थे। इसी दौरान पुरानी इटारसी निवासी अजय अहिरवार उर्फ गुड्डू वहां पहुंचा और दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हो गई।

**गर्दन पर ताबड़तोड़ वार किए :** प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि विवाद इतना बढ़ा कि अजय ने अचानक जेब से लोहे की पट्टी वाली ब्लेड निकाली और अंकित की गर्दन पर वार कर दिया। हमला इतना अचानक था कि वहां मौजूद लोग कुछ समझ पाते, इससे पहले ही आरोपी वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गया।

**अस्पताल में लगे 10 टांके :** खून से लथपथ अंकित को तत्काल सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों के अनुसार, गर्दन पर घाव काफी गहरा था, जिसके उपचार के लिए 10 टांके लगाने पड़े। फिलहाल घायल की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। अस्पताल पहुंचकर पीड़ित के बयान दर्ज कर लिए गए हैं। पुलिस ने आरोपी अजय अहिरवार के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# करंट लगने से 40 वर्षीय युवक की मौत

**मीडिया ऑडीटर, खरगोन (निप्र)।** करंट लगने से 40 वर्षीय युवक की मौत हो गई। जिला अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार कसरावद थाना क्षेत्र के ग्राम चिचलाय निवासी दिनेश पिता करसन को शुक्रवार शाम बजे ग्राम अंबादड़ में करंट लग गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्राले से जेसीबी ले जाने के दौरान वह लकड़ी से बिजली के तार ऊंचे कर रहा था। इसी दौरान वह तारों के संपर्क में आ गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सीहोर में मार्च की शुरुआत गर्म, फरवरी में लगातार बदला मौसम

## बारिश और गर्मी का असर रहा; अब तापमान बढ़ा

**मीडिया ऑडीटर, सीहोर (निप्र)।** सीहोर जिले में मार्च महीने की शुरुआत तेज गर्मी के साथ हुई है। रविवार सुबह से ही मौसम साफ रहा और तेज धूप निकलने से लोगों को दिन में गर्मी का अहसास हुआ। यह बदलाव फरवरी के अंत में हुई बारिश के बाद देखने को मिला है। फरवरी महीने में मौसम कई बार बदला। पहले सप्ताह में घना कोहरा छाया रहा, दूसरे सप्ताह में ठंड बढ़ी और तीसरे सप्ताह के आखिर में तीन दिनों तक रुक-रुक कर बारिश हुई, जिससे मौसम में बड़ा परिवर्तन आया। इस समय गेहूं और चने की कटाई का दौर चल रहा है। फरवरी के अंतिम दिनों में हुई बारिश से किसानों को परेशानी हुई, क्योंकि कई जगह कटी हुई फसल भीग गई थी। अब किसान फसलों को धूप में सुखाने की कोशिश कर रहे हैं ताकि नुकसान कम हो सके। शासकीय कृषि कॉलेज स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. ए.एस. तोमर ने बताया कि मौसम में लगातार उतार-चढ़ाव सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और हवाओं की बदलती दिशा के कारण हो रहा है। उनका अनुमान है कि आने वाले कुछ दिनों तक मौसम ऐसा ही बना रह सकता है। पिछले दिनों में न्यूनतम तापमान लगातार बढ़ा है।

# नर्मदापुरम में शराब और सट्टे का अवैध कारोबार फिर सक्रिय

## बेखौफ बेच रहे शराब, पुलिस ने पकड़ा, सटोरियों पर भी कार्रवाई



**मीडिया ऑडीटर, नर्मदापुरम (निप्र)।** नर्मदापुरम में प्रतिबंध के बावजूद अवैध शराब का कारोबार एक बार फिर सक्रिय होता दिखाई दे रहा है। शहर के बालागंज, रामगंज, सब्जी मंडी और कोठी बाजार क्षेत्रों में बेखौफ तरीके से शराब की तस्करी और बिक्री की जा रही है। कोतवाली थाना पुलिस द्वारा दो दिन में की गई कार्रवाई से संकेत मिलता है कि शहर में अवैध शराब माफिया दोबारा पैर पसारने लगे हैं।

बताया जाता है कि एसपी सांई कृष्णा थोटा के निर्देशन में तीन माह पहले जिला मुख्यालय पर अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया गया था। उस कार्रवाई के बाद शहर में अवैध शराब की बिक्री लगभग बंद हो गई थी, लेकिन अब फिर से यह धंधा शुरू होता नजर आ रहा है।

**27 और 28 फरवरी को 8 केस सामने आए :** कोतवाली पुलिस ने 27 और 28 फरवरी को अवैध शराब की बिक्री और तस्करी से जुड़े 8 प्रकरण दर्ज किए। बालागंज में सरकारी छात्रावास के पास दबिश देकर शेख शादाब और रेखा मेषकर को पकड़ा गया। रामगंज क्षेत्र से किशन जाटव को गिरफ्तार किया गया, जबकि काकाश्री ढाबे के पास से विशाल तिवारी को अवैध शराब के साथ पकड़ा गया।

सब्जी मंडी कोठी बाजार क्षेत्र में कथित शराब कारोबारी सुरेंद्र लुटारे के घर भी पुलिस ने तलाशी ली, हालांकि वहां से शराब बरामद नहीं हुई। इसी क्षेत्र से बड़ी बजरिया निवासी इंद्रजीत केवट और पीयूष राजेश को स्कूटी से शराब की तस्करी करते पकड़ा गया। दोनों ने वाहन की डिक्की में शराब के क्वॉर्टर छिपा रखे थे और बिक्री के उद्देश्य से खड़े थे।

कोतवाली पुलिस ने शहर में खुलेआम सट्टा लिखने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की। एसएनजी ग्राउंड के पास से संतोष राव, बंगाली कॉलोनी से अजय ठाकुर और हरिओम जाटव, पान बाजार से अंकित राठौर, दशहरा मैदान के सामने से जय उर्फ रोहित कदम, लेंडिया बाजार के पास से हरिचरण सिंह (पिता सबल सिंह), सब्जी मंडी से नरेंद्र, लेंडिया बाजार से दीपक जाटव तथा एकता चौक से छोटेलाल को सट्टा लिखते हुए पकड़ा गया।

मीनाक्षी चौक स्थित एक किराना दुकान पर भी देर रात पुलिस ने दबिश दी। कोतवाली थाना टीआई कंचन सिंह ठाकुर ने बताया कि सट्टा, जुआ और अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। दो दिनों में सट्टे के 10 और अवैध शराब के 8 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इसके अलावा दो जुपिटर वाहन भी जब्त किए गए हैं। पुलिस का कहना है कि शहर में अवैध गतिविधियों को किसी भी हाल में पनपने नहीं दिया जाएगा और आगे भी अभियान जारी रहेगा।

# दो बाइकों कि टक्कर पांच फिट उछलकर गिरे सवार:एक की मौत

## दो गंभीर घायल; रायसेन के बेगमगंज में हादसा

**मीडिया ऑडीटर, रायसेन (निप्र)।** रायसेन जिले के बेगमगंज में शनिवार रात करीब साढ़े आठ बजे सुमेर पुल के पास दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस भीषण हादसे में एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान देवलापुर निवासी अमर बंसल के रूप में हुई है। वह एक बाइक चला रहा था। दूसरी बाइक पर सवार सागोनी निवासी नितिन और मोनू इस दुर्घटना में बुरी तरह घायल हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार पांच फीट उछलकर दूर जा गिरे।



सूचना मिलते ही एफआरवी पायलट जयप्रकाश नारायण अहिरवार और पुलिस स्टाफ अजय राणा 112 वाहन के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। इसके बाद थाना प्रभारी राजीव उईके भी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। घायल नितिन और मोनू को तुरंत 112 वाहन से सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। मृतक अमर बंसल के शव को मर्चुरी में रखवाया गया है। पुलिस के अनुसार, मृतक का पोस्टमार्टम रविवार को कराया जाएगा। दुर्घटनाग्रस्त दोनों बाइकों को भी पुलिस ने जब्त कर थाना परिसर में रखवा दिया है। मामले की आगे की जांच जारी है।

# मंदसौर जिला अस्पताल में मोबाइल टॉर्च से इलाज

## वार्ड फुल, मरीज कॉरिडोर में शिफ्ट, परिजन फर्श पर सोने को मजबूर



**मीडिया ऑडीटर, मंदसौर (निप्र)।** मंदसौर जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल से अव्यवस्था और लचर व्यवस्थाओं की चिंताजनक तस्वीर सामने आई है। जहां एक ओर सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को हाई-टेक और मज़बूत बनाने के दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर मंदसौर जिला अस्पताल में मरीजों का इलाज मोबाइल की टॉर्च की रोशनी में किया जा रहा है। अस्पताल के वार्डों में बेड खाली नहीं है। मजबूरी में मरीजों को अस्पताल के गलियारों (कॉरिडोर) में शिफ्ट किया गया है, तो उनके परिजन बरामदों के फर्श पर रात गुजारने को मजबूर हैं।

**मोबाइल की फ्लैशलाइट में इलाज :** शनिवार-शुक्रवार दरमियानी रात चिकित्सक जब मरीज को कैनुला लगाने पहुंचीं तो वहां पर्याप्त रोशनी नहीं थी। ऐसे में मोबाइल की फ्लैशलाइट जलाकर कैनुला लगाया गया। कम रोशनी में इंजेक्शन लगाना या अन्य चिकित्सीय प्रक्रिया करना किसी बड़े हादसे को निमंत्रण देने जैसा है।

जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते नर्सिंग स्टाफ और डॉक्टरों को इस जोखिम भरे माहौल में काम करना पड़ रहा है।

**बिजली बैकअप और मूलभूत सुविधाओं का अभाव :** अस्पताल में उचित बिजली बैकअप और पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था नहीं होना गंभीर लापरवाही माना जा रहा है। मरीजों और परिजनों का आरोप है कि मूलभूत सुविधाओं का अभाव लंबे समय से बना हुआ है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया। अस्पताल में भर्ती मरीजों के परिजनों में इस अव्यवस्था को लेकर भारी नाराजगी है। उनका कहना है कि स्वास्थ्य सेवा जैसी संवेदनशील व्यवस्था में इस प्रकार की लापरवाही जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की उदासीनता को दर्शाती है।

जिला अस्पताल की यह स्थिति स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की वास्तविकता को उजागर करती है। सवाल यह उठता है कि यदि जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में यह हाल है, तो ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति क्या होगी । स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से तत्काल व्यवस्था सुधारने, पर्याप्त बेड उपलब्ध कराने, बिजली बैकअप दुरुस्त करने और मरीजों के लिए बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने की मांग की है।

# खंडवा-भुसावल के बीच चलेगी 6 फेरे होली स्पेशल मेमू

## 'बुरहानपुर, नेपानगर समेत 5 स्टेशनों पर रुकेगी; यात्रियों को मिलेगी सुविधा




**मीडिया ऑडीटर, बुरहानपुर (निप्र)।** मध्य रेलवे ने होली के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के लिए खंडवा-भुसावल के बीच छह फेरे वाली होली स्पेशल मेमू ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन खंडवा-सनावद के बीच चल रही मेमू के रैक का उपयोग करेगी। यह विशेष अनारक्षित मेमू ट्रेन 1 मार्च से 4 मार्च 2026 तक संचालित की जाएगी। मध्य रेल समिति सदस्य मनोज सोनी ने बताया कि इस पहल से रेल यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलेगी।

यह मेमू ट्रेन नेपानगर, बुरहानपुर, रावेर, निंभोरा और सावदा स्टेशनों पर रुकेगी, जिससे इन क्षेत्रों के यात्रियों को लाभ होगा। खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल लगातार मध्य रेलवे मुंबई के महाप्रबंधक और भुसावल के डीआरएम से मांग कर रहे थे। उन्होंने सुझाव दिया था कि खंडवा में कई घंटों तक मेमू का रैक खाली खड़ा रहता है, जिसका उपयोग फेरे बढ़ाकर किया जाना चाहिए। सांसद पाटिल ने मध्य रेलवे के इस निर्णय की सराहना की। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास है कि आगामी समय में भुसावल से खंडवा और आगे सनावद तक एक अतिरिक्त फेरा स्थायी रूप से बढ़ाया जाए। गाड़ी संख्या 01102 अनारक्षित विशेष ट्रेन भुसावल से 2, 3 और 4 मार्च 2026 को सुबह 5:50 बजे प्रस्थान करेगी और खंडवा स्टेशन पर सुबह 7:55 बजे पहुंचेगी।

इसी तरह, गाड़ी संख्या 01101 अनारक्षित विशेष ट्रेन खंडवा से 1, 2 और 3 मार्च 2026 को शाम 5:10 बजे प्रस्थान करेगी और भुसावल स्टेशन पर रात 8:00 बजे पहुंचेगी।

# गौ तस्करों पर मध्यप्रदेश पुलिस का ऑपरेशन प्रहार : 5 दिन में 241 पशु मुक्त, 19 आरोपी गिरफ्तार, कई वाहन जब्त



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (निप्र)।** मध्यप्रदेश पुलिस ने अवैध गौवंश एवं अन्य पशुओं के परिवहन और तस्करी के खिलाफ प्रदेशभर में बड़ा अभियान चलाकर करारा प्रहार किया है। विगत 5 दिनों में अलग-अलग जिलों में की गई सघन कार्रवाई के दौरान 241 गौवंश एवं अन्य पशुओं को मुक्त कराया गया, जबकि 19 आरोपियों को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई की गई है। अभियान के दौरान पुलिस ने अवैध परिवहन में प्रयुक्त 01 डीसीएम, 01 कंटेनर, 07 पिकअप वाहन और 01 Ashok Leyland वाहन को जब्त किया है। पुलिस मुख्यालय के जनसंपर्क कक्ष से जारी जानकारी के अनुसार, प्रदेश में अवैध पशु परिवहन पर रोक लगाने के लिए विशेष सतर्कता बरती जा रही है।

**श्योपुर- चोरी के 41 भैंस बरामद:** श्योपुर जिले के बरगवां थाना क्षेत्र में दर्ज चोरी के प्रकरण में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 41 भैंसों को बरामद किया। बरामद पशुओं की अनुमानित कीमत करीब 21 लाख 86 हजार रुपये बताई गई है। तकनीकी साक्ष्य और मुखबिर तंत्र की मदद से पुलिस ने यह सफलता हासिल की। मामले की विस्तृत विवेचना जारी है।

**पन्ना-105 पशु मुक्त, 7 तस्कर गिरफ्तार:** पन्ना के अजयगढ़ थाना क्षेत्र में घेराबंदी कर पुलिस ने 07 पशु तस्करों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से 105 पशु मुक्त कराए गए। 01 डीसीएम और 03 पिकअप वाहन जब्त किए गए हैं। जब्त मशरूका की अनुमानित कीमत लगभग 31 लाख रुपये आंकी गई है।

**खरगोन- दो थानों में कार्रवाई:** खरगोन जिले में दो अलग-अलग थानों की कार्रवाई में 08 गौवंश मुक्त कराए गए और 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। 02 पिकअप वाहन भी जब्त किए गए हैं।

**सतना- कंटेनर से 71 पशु मुक्त:** सतना के चित्रकूट थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक कंटेनर और पिकअप वाहन रोककर 71 भैंस एवं पड़वा को मुक्त कराया। मौके से 08 तस्करों को गिरफ्तार किया गया। सभी के विरुद्ध पशु क्रूरता और अवैध परिवहन की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है।

## रात में प्रेमी के साथ भागी, सुबह परिजन ने पकड़ा

# खंडवा में लड़की नाबालिग निकली, प्रेमी पर दुष्कर्म का केस, गिरफ्तार

**मीडिया ऑडीटर, खंडवा (निप्र)।** खंडवा जिले के खालवा थाना क्षेत्र के ग्राम राजपुरा में शुक्रवार देर रात एक 14 वर्षीय नाबालिग को अगवा कर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। गांव का ही युवक जितेंद्र जादम नाबालिग को शादी का झांसा देकर भगा ले गया और रात में अपने खेत पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। सुबह जब आरोपी उसे बाइक से इंदौर ले जा रहा था, तब तलाश में जुटे परिजनों ने उन्हें आशापुर गांव के पास रास्ते में पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ दुष्कर्म, पॉक्सो, एट्रोसिटी एक्ट और अपहरण का केस दर्ज कर लिया है। घटना ग्राम राजपुरा की है। शुक्रवार रात करीब 12:30 बजे आरोपी जितेंद्र जादम ने नाबालिग को घर के बाहर बुलाया और उसे अगवा कर लिया। इसके बाद वह उसे गांव के बाहर स्थित अपने खेत पर ले गया, जहां उसने नाबालिग के साथ इस वारदात को अंजाम दिया।




**सुबह बाइक से भागने की थी फिराक में :** रात की घटना के बाद सुबह होते ही आरोपी नाबालिग को बाइक पर बैठाकर इंदौर ले जाने लगा। इधर, घर से गायब होने के बाद से ही परिजन लड़की की तलाश कर रहे थे। इसी दौरान परिजनों ने दोनों को आशापुर गांव के पास बाइक से जाते हुए पकड़ लिया और सीधा थाने लेकर पहुंचे।

**शादी का झांसा देकर प्रेम-प्रसंग में फंसाया :** पुलिस के मुताबिक, नाबालिग आदिवासी समुदाय से है और उसने नौवीं क्लास तक पढ़ाई की है। उसकी उम्र 14 साल 11 महीने है। आरोपी युवक ने पहले उसे प्रेम-प्रसंग के जाल में फंसाया और फिर शादी का झांसा देकर उसे भगाकर ले गया।

**टीआई बोले- अपहरण और दुष्कर्म का केस दर्ज :** खालवा टीआई जगदीश सिंधिया ने मामले की जानकारी देते हुए बताया- 'घटना देर रात 12.30 की है। उसी समय आरोपी जितेंद्र जादम ने नाबालिग को घर के बाहर से अगवा किया था। मामले में नाबालिग ने उसी रात दुष्कर्म होना बताया है।' परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, पाक्सो सहित एट्रोसिटी एक्ट और अपहरण संबंधी धाराओं में केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# स्कूल बस से टकराई बाइक, युवक गंभीर

**मीडिया ऑडीटर, सुल्तानगंज (निप्र)।** सुल्तानगंज 7 ग्राम खामखेड़ा के पास शनिवार शाम करीब 5 बजे स्कूल बस और मोटरसाइकिल की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार 25 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। विकास पिता रामप्रसाद उम्र 25 साल, निवासी महुआखेड़ा, थाना सुरखी, जिला सागर मोटरसाइकिल से जा रहा था। सामने से आ रही स्कूल बस से उसकी भिड़ंत हो गई। टक्कर तेज थी। विकास को गंभीर चोटें आई। सूचना पर 108 एम्बुलेंस और थाना सुल्तानगंज पुलिस मौके पर पहुंची। एम्बुलेंस स्टाफ में ईएमटी जयसिंह ठाकुर और पायलट गोविन्द गौर ने मौके पर प्राथमिक उपचार किया। घायल को स्वास्थ्य केंद्र सुल्तानगंज पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने हालत गंभीर देख सागर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

# हॉकी इंडिया ने महिला विश्व कप क्वालीफायर के लिए टीम घोषित की, सविता निजी कारणों से हटीं



**हैदराबाद, एजेंसी।** अनुभवी गोलकीपर और पूर्व कप्तान सविता पूनिया ने निजी कारणों से महिला विश्व कप क्वालीफायर से नाम वापस ले लिया है जबकि हॉकी इंडिया ने रविवार को मिडफील्डर सलीमा टेटे की कप्तानी में 20 सदस्यीय टीम घोषित की। एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 क्वालीफायर आठ से 14 मार्च तक हैदराबाद में होना है।

मेजबान भारत, इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, कोरिया, इटली, उरुग्वे, वेल्स और ऑस्ट्रिया अगस्त में बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 के तीन क्वालीफिकेशन स्थानों के लिए चुनौती पेश कर रहे हैं। टीम को दो पूल में बांटा गया है जिसमें इंग्लैंड, कोरिया, इटली और ऑस्ट्रिया पूल ए में हैं जबकि मेजबान भारत, स्कॉटलैंड, उरुग्वे और वेल्स को पूल बी में रखा गया है। सूत्रों के मुताबिक सविता ने पारिवारिक कारणों से ब्रेक लिया है। एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, %सविता टूर्नामेंट से पहले राष्ट्रीय शिविर का हिस्सा नहीं थीं क्योंकि उन्होंने पारिवारिक वजहों से नाम वापस ले लिया था। इसलिए उनके नाम पर विचार करने का कोई कारण नहीं था।

अनुभवी सलीमा टीम की अगुआई करती रहेंगी। बंसरी सोलंकी और बिचू देवी खारीबाम गोलकीपिंग की जिम्मेदारी साझा करेंगी। सुशीला चानू पुखरामबम, निक्की प्रधान, मनीषा चौहान, उदिता और इशिका चौधरी रक्षा पंक्ति में शामिल हैं जबकि कैप्टन सलीमा, नेहा, सुनीता टोप्पो, साक्षी राणा, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, रुतजा ददासो पिसल और दीपिका सोरेंग मिडफील्ड की जिम्मेदारी संभालेंगी।

अग्रिम पंक्ति में नवनीत कौर, इशिका, लालरेमसियामी, ब्यूटी डुंगडुंग, बलजीत कौर और अन्नू को जगह मिली है। मुख्य कोच शोर्ड मारिन ने कहा, हम एक साथ अपने पहले टूर्नामेंट को लेकर उत्सुक हैं। हम फिटनेस और रणनीति पर काम कर रहे हैं जिससे कि टीम में हर कोई अपने काम और भूमिका को समझ सके। हम आगे के मुकाबलों के लिए पूरी तरह से तैयार होने के लिए हैदराबाद में दो अभ्यास मैच खेलेंगे। भारत अपने अभियान की शुरुआत आठ मार्च को उरुग्वे के खिलाफ करेगा। टीम इसके बाद नौ मार्च और 11 मार्च को क्रमशः स्कॉटलैंड और वेल्स के खिलाफ खेलेगी।

### टीमः

गोलकीपर : बंसरी सोलंकी, बीचू देवी खारीबम

डिफेंडर : सुशीला चानू पुखरामबम, निक्की प्रधान, मनीषा चौहान, उदिता, इशिका चौधरी

मिडफील्डर : नेहा, सलीमा टेटे, सुनीता टोप्पो, साक्षी राणा, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, रुतजा ददासो पिसल, दीपिका सोरेंग

फारवर्ड : नवनीत कौर, इशिका, लालरेमसियामी, ब्यूटी डुंगडुंग, बलजीत कौर और अन्नू

## चौथी शादी करने जा रहे पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर शोएब मलिक, जानें कौन है होने वाली बेगम



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर शोएब मलिक एक बार फिर अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। सोशल मीडिया पर चर्चा तेज है कि वह चौथी शादी करने जा रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनकी होने वाली दुल्हन पाकिस्तानी टेलीविजन एक्ट्रेस वनीज़ा सत्तार हो सकती हैं। यहां तक कि कुछ मीडिया दावों में 27 फरवरी 2026 को निकाह की संभावित तारीख भी बताई जा रही है। हालांकि, अब तक न तो मलिक और न ही वनीज़ा ने इन खबरों की आधिकारिक पुष्टि की है।

### अटकलों ने बढ़ाई हलचल

इन खबरों के सामने आते ही इंटरनेट पर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। फैंस और सोशल मीडिया यूजर्स लगातार इस खबर पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। हालांकि यह स्पष्ट करना जरूरी है कि फिलहाल यह केवल मीडिया रिपोर्ट्स और सोशल मीडिया अटकलों पर आधारित जानकारी है। आधिकारिक बयान आने तक किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी होगी।

**पहले भी सुर्खियों में रही है निजी जिंदगी:** Shoaib Malik की निजी जिंदगी पहले भी काफी चर्चा में रही है। उनकी पहली शादी आयशा सिद्दीकी से हुई थी। इसके बाद उन्होंने भारतीय टेनिस स्टार Sania Mirza से निकाह किया, जो लंबे समय तक मीडिया की सुर्खियों में रहा। हाल ही में उन्होंने पाकिस्तानी अभिनेत्री Sana Javed से शादी की थी। अगर वनीजा सत्तार से शादी की खबर सच साबित होती है, तो यह मलिक की चौथी शादी होगी।

**कौन हैं वनीजा सत्तार?:** वनीजा सत्तार पाकिस्तान की उभरती हुई टेलीविजन अभिनेत्री हैं। उन्हें हम टीवी के ड्रामा Laadli में नाजो के किरदार से पहचान मिली। इस सीरियल में उन्होंने एक जटिल और बिगड़ैल छोटी बहन की भूमिका निभाई थी, जिसे दर्शकों ने काफी पसंद किया। वनीजा कराची की रहने वाली हैं और उन्होंने कराची यूनिवर्सिटी से अपनी पढ़ाई पूरी की है। सोशल मीडिया पर भी उनकी अच्छी खासी फैन फॉलोइंग है। इंस्टाग्राम पर उनके 1,27,000 से अधिक फॉलोअर्स हैं और वह अक्सर अपनी मां और बहन के साथ तस्वीरें साझा करती रहती हैं।

## फुटबॉल टूर्नामेंट खेलने जा रहे 19 खिलाड़ी हादसे का शिकार, 7 की हालत गंभीर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** हरियाणा के हिसार जिले के गांव चूली बागड़यान की फुटबॉल टीम शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे का शिकार हो गई। टूर्नामेंट खेलने जा रहे 19 खिलाड़ी घायल हो गए, जिनमें से 7 की हालत गंभीर बताई जा रही है।

**टायर फटने से पलटी गाड़ी:** जानकारी के अनुसार, खिलाड़ी सिरसा जिले के रानियां क्षेत्र के गांव हरिपुरा में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए टाटा मैजिक वाहन में रवाना हुए थे। फतेहाबाद जिले के गांव खाबड़ा के पास अचानक वाहन का टायर फट गया। चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिससे गाड़ी पहले सड़क किनारे पेड़ से टकराई और फिर खेत में पलट गई। हादसे के वक्त वाहन में कुल 19 खिलाड़ी सवार थे। गाड़ी पलटते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई।

**ग्रामीणों ने चलाया राहत अभियान:** शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत व बचाव कार्य शुरू किया। स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को वाहन से बाहर निकाला और पुलिस व एंबुलेंस को सूचना दी। सभी खिलाड़ियों को तुरंत भट्टू सीएचसी ले जाया गया।

### 7 खिलाड़ियों को अग्रोहा रेफर

प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने बिल्लू, विजय, मुकेश, दिनेश, हिमांशु, क्षितिज और सुनील की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

अन्य 12 खिलाड़ियों – रोहताश, अमन, साबू, छोटू, आशीष, कुलदीप, अनुज, पंकज, भीम सिंह, राघव, विकास और ज्ञानेंद्र – को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। सभी खिलाड़ियों की उम्र 15 से 35 वर्ष के बीच बताई गई है।

### गांव की मेहनती टीम, टूर्नामेंट से चूकी

गांव चूली बागड़यान में यह टीम नियमित अभ्यास करती है। गांव के युवाओं ने मिलकर टीम बनाई है और वरिष्ठ खिलाड़ी उन्हें प्रशिक्षण देते हैं। हादसे के कारण टीम टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले सकी।

सूचना मिलते ही सरपंच प्रतिनिधि विनोद बैनीवाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और खिलाड़ियों के परिजन अस्पताल पहुंच गए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## प्राग मास्टर्स में आज से मुकाबले शुरू, पहले ही दौर में गुकेश बनाम नीमन की टक्कर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्राग, चेक गणराज्य भारत के विश्व चैंपियन डी गुकेश की क्लासिकल शतरंज में वापसी का इंतज़ार अब समाप्त हो गया है। प्राग मास्टर्स शतरंज का बहुप्रतीक्षित मुकाबला आज से शुरू हो रहा है और पहले ही दौर में गुकेश का सामना अमेरिका के हंस निमैन से होगा। दिसंबर में अपने विश्व खिताब की रक्षा की तैयारी के लिहाज़ से यह टूर्नामेंट गुकेश के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

राउंड रॉबिन आधार पर खेले जा रहे इस 9 खिलाड़ी आमंत्रण टूर्नामेंट में विश्व स्तरीय ग्रैंडमास्टर्स हिस्सा ले रहे हैं। पहले दौर में डी गुकेश (2754) सफेद मोहरों से यूएसए के हंस नीमन (2725) के खिलाफ खेलेंगे। अन्य मुकाबलों में उज़्बेकिस्तान के नोदीरबेक याकुब्बोएव का सामना स्पेन के डेविड एंटोन से, नीदरलैंड के जॉर्डन वान फारेस्ट का मुकाबला जर्मनी के विंसेंट केमर से, चेक गणराज्य के डेविड नवारा का सामना ईरान के परहम मघसूदलू से और टाटा स्टील मास्टर्स के विजेता उज़्बेकिस्तान के नोदीरबेक अब्दुसत्तोरोव की भिड़ंत भारत के अरविंद चितम्बरम से होगी। वहीं चैलंजर वर्ग में भारत के वर्तमान विश्व कप विजेता दिव्या देशमुख का सामना पहले राउंड में सफेद मोहरो से हंगरी के बेंजामिन ग्लेडुरा से और सूर्या शेखर गांगुली का सामना नीदरलैंड के थॉमस बर्डसेन से होगा . 25 फ़रवरी से 6 मार्च तक चलने वाले इस 9 राउंड के टूर्नामेंट में हर अंक की अहमियत होगी। क्लासिकल प्रारूप में खेला जाने वाला यह आयोजन गुकेश की तैयारियों की गंभीर परीक्षा माना जा रहा है, क्योंकि इसी वर्ष दिसंबर में उन्हें विश्व चैंपियनशिप में अपना ताज बचाने उतरना है। पहले ही दौर की जोड़ी ने टूर्नामेंट को रोमांचक शुरुआत दे दी है और शतरंज प्रेमियों की निगाहें अब प्राग पर टिक गई हैं।

## पाकिस्तान-श्रीलंका मैच के बाद अंक तालिका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 के 50वें मैच में शनिवार (28 फरवरी) को पल्लीकेले में पाकिस्तान ने श्रीलंका को 5 रन से हरा दिया। हालांकि, इस जीत के बाद भी पाकिस्तान सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पाया। सुपर-8 के ग्रुप-1 से इंग्लैंड शीर्ष और न्यूजीलैंड दूसरे नंबर पर हैं। दोनों सेमीफाइनल में पहुंच गए। पाकिस्तान तीसरे और श्रीलंका चौथे नंबर पर रहे। सुपर-8 के ग्रुप-2 से साउथ अफ्रीका पहले और वेस्टइंडीज दूसरे नंबर पर हैं। भारत तीसरे और



जिम्बाब्वे चौथे नंबर पर है। साउथ अफ्रीका सेमीफाइनल में पहुंच गया है। भारत-वेस्टइंडीज में एक टीम सेमीफाइनल में पहुंचेगी।

टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की बात करें तो पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान ने सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। जिम्बाब्वे के ब्रायन बेनेट ने 277 रन बनाए हैं। साउथ अफ्रीका के एडेन मार्कराम ने 264 रन बनाए। इंग्लैंड के हैरी ब्रूक ने 228 रन बनाए। वेस्टइंडीज के शिरमोन हेटमायर ने 221 रन बनाए है। टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की बात करें तो अमेरिका के शैडले वैन शाल्कविक शीर्ष पर हैं। जिम्बाब्वे के ब्लेसिंग मुजरबानी दूसरे नंबर पर हैं। साउथ अफ्रीका के लुंगी एनगिडी तीसरे, भारत के वरुण चक्रवर्ती चौथे और श्रीलंका के महेश तीक्ष्णा पांचवें नंबर पर हैं।

### टॉप-5 बल्लेबाज और गेंदबाज

### टी20 वर्ल्ड कप 2026 अंक तालिका

| सुपर 8 ग्रुप 1 | मैच | जीते | हारे | टाई | बेनतीजा | अंक | हत्र्क्र |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| साउथ अफ्रीका | 2 | 2 | 0 | 0 | 0 | 4 | 2.89 |
| वेस्टइंडीज | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 1.791 |
| भारत | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | -0.1 |
| जिम्बाब्वे (बाहर) | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | -4.475 |
| **सुपर 8 ग्रुप 2** | **मैच** | **जीते** | **हारे** | **टाई** | **बेनतीजा** | **अंक** | **हत्र्क्र** |
| इंग्लैंड (सेमीफाइनल) | 3 | 3 | 0 | 0 | 0 | 6 | 1.096 |
| न्यूजीलैंड (सेमीफाइनल) | 3 | 1 | 0 | 0 | 1 | 3 | 1.39 |
| पाकिस्तान (बाहर) | 3 | 0 | 1 | 0 | 1 | 3 | -0.461 |
| श्रीलंका (बाहर) | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 | -2.8 |

### टी20 वर्ल्ड कप 2026 टॉप-5 बल्लेबाज

| खिलाड़ी | मैच | पारी | रन | औसत | स्ट्राइक रेट | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| साहिबजादा फरहान (पाकिस्तान) | 6 | 6 | 383 | 76.6 | 160.25 | 37 | 18 |
| ब्रायन बेनेट (जिम्बाब्वे) | 5 | 5 | 277 | 277 | 135.78 | 31 | 6 |
| एडेन मार्कराम (साउथ अफ्रीका) | 6 | 6 | 264 | 66 | 178.38 | 31 | 10 |
| हैरी ब्रूक (इंग्लैंड) | 7 | 7 | 228 | 32.57 | 161.7 | 20 | 9 |
| शिमरोन हेटमायर (वेस्टइंडीज) | 6 | 6 | 221 | 44.2 | 182.64 | 15 | 17 |

### टी20 वर्ल्ड कप 2026 टॉप-5 गेंदबाज

| खिलाड़ी | मैच | ओवर | गेंद | विकेट | औसत | रन | 4 विकेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शैडली वैन शाल्कविक (अमेरिका) | 4 | 14.5 | 89 | 13 | 7.77 | 101 | 2 0 |
| ब्लेसिंग मुजरबानी (जिम्बाब्वे) | 5 | 20 | 120 | 12 | 13 | 156 | 1 0 |
| लुंगी एनगिडी (साउथ अफ्रीका) | 5 | 20 | 120 | 11 | 12.36 | 136 | 1 0 |
| महेश तीक्ष्णा (श्रीलंका) | 6 | 23.3 | 141 | 11 | 15.36 | 169 | 0 0 |
| वरुण चक्रवर्ती (भारत) | 6 | 20 | 120 | 11 | 13.09 | 144 | 0 0 |

## ईरान-अमेरिका संघर्ष का टी20 वर्ल्ड कप पर असर

### खिलाड़ियों को सुरक्षित घर भेजने की व्यवस्था कर रही आईसीसी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईसीसी टी20 विश्व कप से लौट रहे खिलाड़ियों और अधिकारियों के लिए वैकल्पिक उड़ान योजनाओं पर काम कर रहा है। (फोटो सोर्स- एक्सप्रेस फाइल) अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (द्धष्टष्ट) ने शनिवार (26 फरवरी) को कहा कि ईरान पर अमेरिका के हमलों के मद्देनजर भारत और श्रीलंका में आयोजित टी20 विश्व कप से लौट रहे खिलाड़ियों और अधिकारियों के लिए वैकल्पिक उड़ान योजनाओं पर काम किया जा रहा है। सात फरवरी को शुरू हुआ 20 टीमों का यह टी20 टूर्नामेंट आठ मार्च को समाप्त होगा।

इसमें सह-मेजबान भारत समेत छह टीमें अभी भी खिताबी दौड़ में बनी हुई हैं। आईसीसी के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, 'इस टूर्नामेंट से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति की सुरक्षा आईसीसी की सर्वोच्च




प्राथमिकता है।

हमने अपनी यात्रा, लॉजिस्टिक्स और सुरक्षा टीमों को पहले ही सक्रिय कर दिया है और यह सुनिश्चित करने के लिए चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं कि सभी हितधारक कम परेशानी के साथ सुरक्षित रूप से घर लौट सकें। हम आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 के लिए यात्रा करने वाले प्रशंसकों से भी आग्रह करते हैं कि वे निर्देशों पर बारीकी से नजर रखें और उनका पालन करें तथा आगे की किसी भी अंतरराष्ट्रीय यात्रा से पहले सभी पहलुओं पर विचार करें।'

**अंतरराष्ट्रीय एयरलाइनों के साथ काम कर रही आईसीसी–** आईसीसी ने इन कारकों को ध्यान में रखते हुए कहा कि उसकी 'यात्रा और लॉजिस्टिक्स' टीम प्रमुख अंतरराष्ट्रीय एयरलाइनों के साथ सक्रिय रूप से काम कर रही है ताकि यूरोपीय, दक्षिण एशियाई और दक्षिण-पूर्व एशियाई प्रमुख हवाई अड्डों के माध्यम से कनेक्शन सहित वैकल्पिक मार्गों की पहचान और उन्हें सुरक्षित किया जा सके।

**आईसीसी जानकारी साझा करता रहेगा–** आईसीसी ने कहा कि वह इस स्थिति पर नवीनतम जानकारी साझा करता रहेगा और वह टी20 विश्व कप 2026 के सुचारू और सुरक्षित समापन के लिए प्रतिबद्ध है। अमेरिका और इजराइल ने शनिवार को ईरान पर एक बड़ा हमला शुरू किया, जिसमें अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान की जनता से 1979 से देश पर शासन कर रहे इस्लामी नेतृत्व को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया।

### दुबई अहम पड़ाव

आईसीसी ने स्वीकार किया कि खिलाड़ियों, टीम प्रबंधन, मैच अधिकारियों, प्रसारण टीमों और आयोजन कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में कर्मी खाड़ी देशों के प्रमुख हवाई अड्डों, विशेष रूप से दुबई पर निर्भर हैं। इस आयोजन में अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के बाद अपने गृह देशों की यात्रा के लिए दुबई अहम पड़ाव हैं।

## भारतीय बैटर तो 2-3 छके हुगली नदी तक मार देंगे, श्रीकांत ने किया जीत का दावा; कहा- वेस्टइंडीज 15 तो भारत 18 सिस मारेगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया के पूर्व ओपनर क्रिस श्रीकांत ने भारत-वेस्टइंडीज मैच से पहले साफ तौर पर कहा कि भारतीय बैटर्स को चुनौती देने के लिए जिस तरह की फायरपावर चाहिए उसकी इंडीज टीम में कमी है। उन्होंने मजाक में कहा कि भारतीय बल्लेबाजों को परेशान करने के लिए इयान बिशप को आकर बॉलिंग करनी होगी।

**इयान बिशप को वेस्टइंजीत के लिए करनी होगी गेंदबाजी–** श्रीकांत ने अपने यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए कहा कि वेस्टइंडीज की टीम पावर-हिटिंग पर भरोसा करती है, लेकिन उनके पास अच्छे गेंदबाजों की कमी है। उन्होंने वेस्टइंडीज की बैटिंग यूनिट को भी इनकंसिस्टेंट बताया और कहा कि कुल मिलाकर भारत कहीं बेहतर टीम है। श्रीकांत ने कहा कि वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों के पास छक्के लगाने की क्षमता है, लेकिन उनके लिए बॉलिंग कौन करेगा। इयान बिशप को बस वापस आकर उनके लिए बॉलिंग करनी होगी। उनका टॉप ऑर्डर भी बहुत खराब है, खासकर ओपनर।

**भारत को मिलेगी आसान जीत–** उन्होंने आगे कहा कि शिमरोन हेटमायर टॉप ऑर्डर में एक अच्छे खिलाड़ी हैं जिन्हें भारतीय कंडीशन के बारे में पता है, लेकिन उनकी बैटिंग लाइनअप बहुत ज्यादा हिट एंड मिस है साथ ही भारत कहीं ज्यादा बेहतर टीम है। भारतीय बैटर्स शेमार जोसेफ जैसे बॉलर्स की धुनाई कर देंगे। वहीं ब्रैंडन किंग, शाई होप ने बिल्कुल भी रन नहीं बनाए हैं। भारत के लिए यह इतनी आसान जीत होगी कि परसेंटेज की जरूरत नहीं है।

### पद्मश्री डॉ. बुधेंद्र जैन को राजकीय सम्मान

# चित्रकूट के सदगुरु परिसर स्टेडियम में गार्ड ऑफ ऑनर के साथ पंचतत्व में विलीन





**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** पद्मश्री डॉ. बुधेंद्र कुमार जैन का रविवार को सतना में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। चित्रकूट स्थित सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के जानकीकुंड परिसर के स्टेडियम में उनका अंतिम संस्कार किया गया, जहां पुलिस बल ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। अंतिम संस्कार समारोह में सतना कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह और चित्रकूट विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार सहित कई जनप्रतिनिधि प्रशासनिक अधिकारी, साधु-संत और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। उन्होंने पुष्पांजलि अर्पित कर डॉ. जैन को श्रद्धांजलि दी। सद्गुरु ट्रस्ट के हजारों कर्मचारी और दूर-दराज से आए श्रद्धालु भी उन्हें अंतिम विदाई देने पहुंचे। डॉ. जैन के पुत्र डॉ. जिनेश जैन और डॉ. इलेश जैन ने परंपरानुसार मुखाग्नि दी। लाखों जरूरतमंदों की रोशनी लौटाई: डॉ. जैन ने चित्रकूट स्थित विश्व विख्यात सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय के माध्यम से लाखों जरूरतमंद मरीजों की आंखों की रोशनी लौटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। चिकित्सा क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान के लिए वर्ष 2025 में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा उन्हें पद्मश्री सम्मान से सम्मानित किया गया था। वे एम्स रायपुर के डायरेक्टर पद पर भी कार्यरत थे। 27 फरवरी को उनके निधन की खबर से चिकित्सा जगत और समाज में शोक की लहर दौड़ गई थी। डॉ. जैन ने अपना संपूर्ण जीवन नेत्र चिकित्सा और मानव सेवा को समर्पित किया। उनके निधन को चिकित्सा क्षेत्र के लिए एक अपूरणीय क्षति माना जा रहा है। उनकी सेवाएं और सादगीपूर्ण व्यक्तित्व सदैव प्रेरणा देते रहेंगे।

## यूथ कांग्रेस का प्रदर्शन: रिश्वतखोरी के आरोप लगाते हुए किया थाने का किया घेराव



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** यातायात पुलिस द्वारा कथित अनियमितताओं, मनमानी चालानी कार्रवाई, रिश्वतखोरी और आम जनता के साथ दुर्व्यवहार के विरोध में युवा कांग्रेस सतना जिला कमेटी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने रविवार को प्रदर्शन किया। यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने रैली निकाली और यातायात थाना पहुंचे, जहां उन्होंने धरना देकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान यातायात पुलिस के अलावा सिविल लाइन टीआई योगेन्द्र सिंह परिहार भी अपने बल के साथ मौके पर मौजूद रहे।कार्यकर्ताओं ने लगभग एक घंटे तक प्रदर्शन करने के बाद पुलिस अधीक्षक को संबोधित एक सामूहिक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में तत्काल कार्रवाई की मांग की गई है। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि जिले में कई स्थानों पर यातायात पुलिस मनमाने ढंग से चेकिंग लगाकर चालान काट रही है और कई मामलों में रिश्वत की मांग की जा रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पुलिसकर्मी स्वयं यातायात नियमों की अनदेखी कर बिना हेलमेट और गलत साइड ड्राइविंग करते हैं। यूथ कांग्रेस ने बताया कि नागौद के सिंहपुर चौराहा, सतना शहर के सिविल लाइन चौराहा और प्रमुख बाजार क्षेत्रों में नागरिकों, विशेषकर युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों को अनावश्यक रूप से परेशान किया जाता है। अभद्रता और दुर्व्यवहार के आरोप लगे कई मामलों में अभद्र भाषा, धमकी और दुर्व्यवहार की शिकायतें सामने आई हैं, जिससे जनता में भारी आक्रोश है।

## पद्मश्री डॉ बी के जैन के निधन परइंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने शोक सभा आयोजित कर दी श्रद्धांजलि



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** पद्मश्री डॉ. बी के. जैन के आकस्मिक निधन पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन सतना द्वारा एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन आयुष्मान हॉस्पिटल सतना में किया गया। सभा में उपस्थित चिकित्सकों ने पद्मश्री डॉ. एन. के. जैन के चिकित्सा क्षेत्र में अतुलनीय योगदान, समाजसेवा एवं उनके सादगीपूर्ण व्यक्तित्व को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। आई एम ए राष्ट्रीय एडिटर डॉ आर के नेमा ने कहा कि डॉ. जैन का जीवन चिकित्सा सेवा, मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक दायित्वों का उत्कृष्ट उदाहरण था। उनके निधन से चिकित्सा जगत एवं समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। आई एम ए अध्यक्ष डॉ राकेश अग्रवाल ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि आई एम ए सतना परिवार के लिए एक अपूरणीय क्षति है। डॉ प्रवीण श्रीवास्तव, डॉ डी के तिवारी, डॉ जी पी सिंह, डॉ चारु लता सोई एवं अन्य सभी डॉक्टर्स ने उनके साथ व्यतीत किए गए अनुभव साझा करते हुए शोक संवेदना व्यक्त की। शोक सभा में डॉ डी के तिवारी , डॉ आर के नेमा , डॉ हरकीरण बावा,डॉ रजनीश नेमा , डॉ राजेश जैन , डॉ जी पी सिंह , डॉ संतोष जैन , डॉ डी एन गौतम , डॉ प्रवीण श्रीवास्तव, डॉ राकेश जैन, डॉ हरि अग्रवाल , डॉ हेमन्त पाण्डेय,डॉ चारुलता सोई, डॉ रेखा पांडेय , डॉ मनोज जगवानी , डॉ नरेंद्र शर्मा, डॉ प्रमोद पाठक, डॉ सुनील अग्रवाल, डॉ वी के गांधी, डॉ मनोज शुक्ला, डॉ नलिनी शुक्ला, डॉ सुनील कारखुर,डॉ अलोक खन्ना एवं अन्य डॉक्टर्स उपस्थित रहे। अंत में सचिव डॉ अलोक खन्ना ने शोक सभा में सभी डॉक्टर्स से श्रद्धांजलि सभा में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। उपस्थित सभी सदस्यों ने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, सतना शाखा ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा परिजनों को इस कठिन समय में धैर्य एवं शक्ति दें।

## अव्यवस्थित यातायात व पुलिस की मनमानी के विरोध में युवा कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** शहर में अव्यवस्थित यातायात व्यवस्था, यातायात पुलिस की कथित मनमानी चालानी कार्रवाई एवं आम जनता के साथ हो रहे दुर्व्यवहार के विरोध में आज भारतीय युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पुलिस अधीक्षक, जिला सतना को सामूहिक ज्ञापन सौंपा। यह कार्यक्रम वरुण गूजर (डिंकल) के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें युवा कांग्रेस के साथियों, वरिष्ठ कांग्रेसजनों एवं क्षेत्र की आम जनता की सक्रिय भागीदारी रही। ज्ञापन के माध्यम से शहर की यातायात व्यवस्था को शीघ्र नियमित करने, कथित मनमानी चालानी कार्रवाई पर रोक लगाने तथा आम नागरिकों के साथ सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित करने की मांग की गई। युवा कांग्रेस पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि शहर में ट्रैफिक प्रबंधन की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। प्रमुख चौराहों और बाजार क्षेत्रों में जाम की समस्या आम हो गई है, जिससे आमजन, व्यापारी और विद्यार्थी सभी प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यातायात पुलिस द्वारा कई मामलों में बिना पर्याप्त कारण के चालान काटे जा रहे हैं, जिससे लोगों में असंतोष बढ़ रहा है। नेतृत्वकर्ताओं ने कहा कि पुलिस प्रशासन का दायित्व कानून व्यवस्था बनाए रखना और जनता को सहयोग प्रदान करना है, लेकिन यदि आम लोगों के साथ दुर्व्यवहार की शिकायतें सामने आती हैं तो यह गंभीर चिंता का विषय है।

## पशु तस्करी नाकाम 17.50 लाख के मवेशी जब्त :ट्रक-पिकअप समेत 8 आरोपी गिरफ्तार

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** चित्रकूट थाना पुलिस ने पशु तस्करी के दो बड़े प्रयासों को विफल करते हुए 17 लाख 50 हजार रुपये मूल्य के भैंस-पड़ा से लदे एक पिकअप और एक ट्रक को जब्त किया है। इस कार्रवाई में कुल आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, पहला मामला शनिवार को सामने आया। थाना प्रभारी गिरजा शंकर बाजपेयी ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर रजौला के पास घेराबंदी की गई। लेने पर उसमें क्रूरतापूर्वक 13 भैंस-पड़ा लदे मिले।

## महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने डॉ. बी.के. जैन को श्रद्धांजलि अर्पित की, शोकाकुल परिवार से मिलकर दी सांत्वना

### सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट में अंतिम दर्शन



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट (जानकी कुंड नेत्र चिकित्सालय) पहुंचकर पद्मश्री से सम्मानित श्रद्धेय डॉ. बी.के. जैन जी के अंतिम दर्शन कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने डॉ. जैन के शोकाकुल परिजनों से भेंट की और इस दु:ख की घड़ी में उन्हें सांत्वना दी। महापौर ने कहा, 'डॉ. बी.के. जैन जी का जीवन मानव सेवा का बेहतरीन उदाहरण था। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन समाज के जरूरतमंदों, विशेषकर नेत्रहीनों की सेवा में समर्पित किया। उनका समर्पण और सेवा भाव असंख्य लोगों के जीवन में उजाला बनकर चमका।' उन्होंने शोकाकुल परिवार से मिलकर उन्हें धैर्य रखने और इस कठिन समय में मजबूती से खड़ा रहने की प्रेरणा दी। महापौर ने आगे कहा, 'डॉ. जैन जी का व्यक्तित्व सादगी, करुणा और सेवा के अनुपम उदाहरण के रूप में हमेशा जीवित रहेगा। उनका योगदान समाज में हमेशा याद किया जाएगा। उनका निधन समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है, क्योंकि हम केवल एक महान चिकित्सक को नहीं खो रहे, बल्कि एक संवेदनशील मार्गदर्शक और प्रेरणास्रोत को खो रहे हैं।' डॉ. जैन जी का जीवन न केवल चिकित्सा के क्षेत्र में, बल्कि समाजसेवा के क्षेत्र में भी प्रेरणादायक था। उनके द्वारा किए गए कार्यों ने लाखों जरूरतमंदों की जिंदगी में रोशनी डाली और उन्हें एक नया जीवन दिया। उनका समर्पण, उनकी दया और उनका काम समाज के हर क्षेत्र में एक मिसाल बन गया। महापौर ताम्रकार ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत पुण्यात्मा को चरणों में स्थान मिले और शोकाकुल परिवार और श्रद्धालुओं को यह असहनीय दु:ख सहन करने की शक्ति मिले। इस दौरान सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट के पदाधिकारियों, डॉक्टर्स और समाज के विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी डॉ. बी.के. जैन जी को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके योगदान को याद किया।

## होली पर कार्टून पिचकारियां बच्चों की पसंद व्यापारियों को इस साल बिक्री की उम्मीद



**मीडिया ऑडीटर, मैहर (निप्र)।** मैहर जिले के बाजारों में होली के त्योहार को लेकर रौनक बढ़ गई है। शहर के प्रमुख बाजारों में रंग-गुलाल और पिचकारियों की दुकानें सज गई हैं, जहां खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है। इससे त्यौहारी उत्साह साफ देखा जा सकता है। शहर के सतना चौराहा, गांधी चौक, मुख्य बाजार और घंटाघर बाजार जैसे प्रमुख स्थानों पर होली का रंग चढ़ चुका है। दुकानों पर लाल, गुलाबी, पीले, हरे और नीले रंग के गुलाल और अबीर ग्राहकों को आकर्षित कर रहे हैं। कार्टून पिचकारियां और फनी मास्क बच्चों की पसंद इस बार बाजारों में बच्चों के लिए खास वैरायटी उपलब्ध है। कार्टून की आकृतियों वाली पिचकारियां, कमर पर टांगने वाले बड़े टैंक के आकार की गन और पारंपरिक डिजाइन के साथ-साथ चेहरों पर लगाने वाले फनी कार्टून मास्क बच्चों की पहली पसंद बने हुए हैं। आधुनिक बाजारों में आकर्षक पिचकारियां से उत्साह त्योहार नजदीक आने के साथ ही बाजारों में बढ़ती भीड़ से व्यापारियों में भी खुशी है। उन्हें इस साल अच्छी बिक्री की उम्मीद है। व्यापारी अपनी दुकानों को आकर्षक ढंग से सजाकर ग्राहकों का स्वागत कर रहे हैं। हालांकि, बाजार की इस आधुनिक चकाचौंध के बीच कुछ लोगों को बीते दिनों की सादगी भरी होली की कमी महसूस हो रही है। मुख्य बाजार में खरीदारी करने आए स्थानीय निवासी सतीश सेन ने बताया कि होली को लेकर आज भी उत्साह है, और बाजार में नई-नई आकर्षक पिचकारियां व मास्क आए हैं। लेकिन, उनके अनुसार, पहले जैसी धूमधाम, भाईचारा और आत्मीयता अब कम हो गई है।

## धर्म दीक्षाभूमि अबेर में परि निर्माण दिवस पर भव्य धर्म संगोष्ठी का आयोजन



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** धम्म दीक्षाभूमि अबेर में आज दिनांक 28 फरवरी 2026 को परि निर्माण दिवस के पावन अवसर पर एक भव्य धर्म संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाकवि विनीत विक्रम बौद्ध जी के सह दीक्षित भंते महेंद्र बोधी जी के मार्गदर्शन एवं सलाह में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिकों, धर्मबंधुओं एवं समाजसेवियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मास्टर बुद्ध सेन पटेल जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बालकरन आदिवासी जी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में रामनिहोर वर्मा जी तथा आर. एस. रवि बौद्ध जी ने मंच की शोभा बढ़ाई। संगोष्ठी में धर्म, समता, शिक्षा और सामाजिक एकता पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। वक्ताओं ने समाज में आपसी भाईचारे, नैतिक मूल्यों और शिक्षा के प्रसार पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि धर्म दीक्षाभूमि केवल एक स्थल नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता और समरसता का प्रतीक है। राजकुमारी बौद्ध जी, विमल बौद्ध जी, मोल सिंह बौद्ध जी, मोतीलाल साकेत, हीरालाल पटेल, शेषमणि पटेल, राजकुमार पटेल, शिवपति सिंह, भोला सिंह बौद्ध, रामाधार सिंह बौद्ध, रामनरेश सतनामी, उपेंद्र सिंह, राम प्रसाद सतनामी, आर.आई.एम.डी. सिंह जी, एस.पी. बौद्ध जी, मोहनलाल बौद्ध, धर्म आचार्य जी, अरुण कुमार सिंह बौद्ध, रामदीन बौद्ध, अमर सिंह, रामलाल सिंह भांति, महेंद्र मोदी जी, गोकुल सिंह जी, रोहित बौद्ध जी, रवि कुमार कुशवाहा, सहित अनेक धर्मबंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया तथा समाज में एकता, सद्भाव और प्रगति के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया गया।

## डोमिनोज ने दीपावली के दिन वेज की जगह भेजा नॉनवेज, उपभोक्ता आयोग ने 8 लाख रुपये का जुर्माना लगाया 1 महीने में ग्राहक को देना होगा




**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना में शाकाहारी खाने की जगह मांसाहारी डिश भेजना डोमिनोज पिज्जा रेस्टोरेंट को महंगा पड़ा है। जिला उपभोक्ता आयोग ने शनिवार को फैसला सुनाते हुए रीवा रोड स्थित डोमिनोज पिज्जा रेस्टोरेंट (जुबिलेंट फूड वर्क्स लिमिटेड) पर 8 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। यह राशि 9 प्रतिशत ब्याज के साथ एक माह के भीतर अदा करनी होगी। आयोग के अध्यक्ष एससी उपाध्याय और सदस्य उमेश गिरि एवं विद्या पांडेय की पीठ ने कंपनी को यह भी निर्देश दिया है कि वह परिवादी दंपति को 10 हजार रुपये का परिवाद व्यय भी अदा करे। यह निर्णय एक शिकायत के बाद आया है जिसमें दंपति ने मांसाहारी भोजन परोसे जाने का आरोप लगाया था।

**दीपावली के दिन वेज की जगह नॉनवेज भेजा:** यह पूरा मामला 31 अक्टूबर 2024, दीपावली के दिन का है। सतना निवासी सूरज तिवारी और उनकी पत्नी नैंसी तिवारी ने डोमिनोज पिज्जा सेंटर से कोरियन पनीर टिक्का ब्रेड ऑर्डर किया था। परिवादी के अधिवक्ता करुणेश अरोरा ने बताया कि दंपति और उनके परिवार के सभी सदस्य आजीवन शाकाहारी हैं और उन्होंने कभी मांसाहारी भोजन का सेवन नहीं किया है। दीपावली के अवसर पर परिवार धार्मिक कार्यों में व्यस्त था और सभी सदस्य साथ बैठकर भोजन कर रहे थे। उन्होंने कोरियन पनीर टिक्का गार्लिक ब्रेड का सेवन किया। इसी दौरान सूरज तिवारी को संदेह हुआ। उन्होंने बारीकी से देखा तो पाया कि कोरियन पनीर टिक्का गार्लिक ब्रेड के भीतर मांस था, जिससे परिवार के सभी सदस्य स्तब्ध रह गए। परिवार ने तत्काल खाद्य पदार्थ की तस्वीरें खींचकर रेस्टोरेंट से संपर्क किया, लेकिन उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इसके बाद आवेदक की ओर से पहले लीगल नोटिस भेजा गया और फिर जिला उपभोक्ता आयोग में परिवाद दायर किया गया।

**उपभोक्ता आयोग ने कंपनी की दलीलें आयोग मानी:** कंपनी ने अपनी दलील में कहा कि आवेदक ने धुंधली तस्वीर पेश की है, जो उनके दावे को सिद्ध नहीं करती। कंपनी ने यह भी तर्क दिया कि उनके पास शाकाहारी और मांसाहारी उत्पादों के लिए अलग-अलग पैकिंग की सुविधा है। कंपनी ने आवेदक के परिवाद को असत्य, भ्रामक और सारहीन बताते हुए उसे निरस्त करने का अनुरोध किया था, जिसे आयोग ने अमान्य कर दिया और कंपनी पर 8 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। अब कंपनी को यह राशि 1 महीने के भीतर देनी होगी।

## चंद्रग्रहण के चलते 3 मार्च को मंदिर के पट बंद 4 मार्च को शुद्धिकरण के बाद खुलेंगे



**मीडिया ऑडीटर, मैहर (निप्र)।** त्रिकूट पर्वत पर स्थित मां शारदा मंदिर के पट 3 मार्च को चंद्रग्रहण के कारण शाम 5:30 बजे बंद कर दिए जाएंगे। श्रद्धालुओं को 4 मार्च को अभिषेक और शुद्धिकरण के बाद ही दर्शन मिल पाएंगे। यह जानकारी मंदिर के प्रधान पुजारी पवन महाराज ने दी है। मंदिर प्रबंधन ने बताया कि 3 मार्च को चंद्रग्रहण के दिन शाम 5 बजे माता शारदा की सांध्यकालीन आरती और विशेष पूजन संपन्न होगा। आरती के ठीक बाद, शाम 5:30 बजे गर्भगृह के कपाट दर्शनार्थियों के लिए बंद कर दिए जाएंगे। इसके बाद किसी को भी दर्शन की अनुमति नहीं होगी। 4 मार्च को शुद्धिकरण-अभिषेक बाद खुलेंगे मंदिर पट ग्रहण समाप्त होने के बाद, 4 मार्च को गर्भगृह का शुद्धिकरण किया जाएगा। माता का पवित्र जल से अभिषेक होगा और विधिवत पूजा-अर्चना पूर्ण होने के बाद ही गर्भगृह के पट श्रद्धालुओं के लिए दोबारा खोले जाएंगे। मंदिर प्रबंधन ने दूर-दराज से आने वाले हजारों भक्तों से अपील की है कि वे किसी भी असुविधा से बचने के लिए इस समय-सारणी का विशेष ध्यान रखें। जो भक्त 3 मार्च को दर्शन की योजना बना रहे हैं, वे शाम 5:30 बजे से पहले मंदिर परिसर पहुंच जाएं।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।